
उज्जैन
रविवार
15
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-104
मालवा डिविजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

महाशिवरात्रि
पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



## खबर एक नजर...

### प्रदेशभर के बस संचालक 22 को सागर में जुटेंगे

**उज्जैन।** प्रदेशभर के बस संचालक 22 फरवरी को सागर में जुटने जा रहे हैं। ये सभी बस संचालन की शासन की ताजा नीतियों के विरोध में रणनीति बनाएंगे। इस बैठक में उज्जैन संभाग से भी करीब 50 ऑपरेटर शामिल होंगे। मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैठक के संबंध में सभी को सूचना जारी कर दी है। इसमें लिखा है कि बस ऑपरेटरों का कई प्रकार से लगातार शोषण किया जा रहा है। सरकार द्वारा बस संचालन से जुड़े नियम में जो संशोधन किया है, उससे बस मालिक अपना अस्तित्व ही खो देगा। शासन बस मालिकों को किराएदार बनाना चाहता है। जबकि देश स्वतंत्र हुआ है, तब से अब तक हम निजी बस मालिक यात्रियों को आवागमन की सुविधा देते आ रहे हैं। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पांडे, उपाध्यक्ष वीरेंद्रकुमार साहू और महामंत्री जयकुमार जैन के हस्ताक्षर से जारी सूचना पत्र में लिखा है कि बैठक में सभी एकत्रित होकर निर्णय लेंगे कि इन विषम परिस्थितियों में विरोध किस प्रकार किया जाए। दोपहर 1 बजे से होने वाली बैठक में प्रत्येक जिले से कम से कम पांच ऑपरेटरों की उपस्थिति पर जोर दिया है। बताया जा रहा है कि ऑपरेटरों की समस्याएं दूरी होती नहीं दिखाई देगी तो वे हड़ताल तक करेंगे।

### साबूदाने पर भगवान शिव का पोर्ट्रेट बनाकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**उज्जैन।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के युवा कलाकार वंश मीणा ने साबूदाने के एक सूक्ष्म दाने पर भगवान शिव का लघु पोर्ट्रेट बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए आवेदन किया, जिसे अब आधिकारिक स्वीकृति मिल गई है। इतने छोटे माध्यम पर चित्र बनाना अत्यंत धैर्य, साधना और तकनीकी कौशल का काम माना जाता है। वंश ने 5.5 मिमी के दाने पर यह चित्र करीब 12 मिनट में बनाकर तैयार किया है। इसके लिए वे काफी समय से अभ्यास कर रहे थे। वंश ने बताया कि यह चित्र उन्होंने आध्यात्मिक श्रद्धा से प्रेरित होकर तैयार किया है।

### ट्रेड डील के बाद सोना 11,000 और चांदी 1 लाख 9000 गिरी

**उज्जैन।** सोना-चांदी के भाव में 17 दिन में बड़ा कमाल कर दिया। हालांकि बड़ी भाव कमी ट्रेड डील के बाद ही आई। 28 जनवरी को सोना 1,70,000 रुपए प्रति 10 ग्राम बिका, जो 17 दिन में 11,000 रुपए घटकर 1,59,000 रुपए रह गया। इसी प्रकार 28 जनवरी को चांदी 3,70,000 रुपए प्रतिकिलो बिकी, जो 14 फरवरी अर्थात 17 दिन में 1,09,000 घटकर 2,51,000 रु. रह गई। बताया जाता है कि अमेरिका भारत की ट्रेड डील के बाद सोना-चांदी के भाव आसमान से जमीन पर आने लगे, लेकिन इसमें बड़ा बदलाव तो खरीदी को लेकर हो रहा है। ब्रोकरेज कैलाशचंद कौशिक ने बताया सोना-चांदी का व्यापार दो माह की बड़ी तेजी में बिगड़ चुका है। इसमें सुधार आने में वक्त लगेगा, क्योंकि खरीदारों को अभी और भाव कम होने की संभावना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव की स्थिति को तेजी का कारण बताया गया, लेकिन असल में इस पर बड़ा सट्टा चला और ट्रेड डील के बाद सट्टे की गतिविधि ठंडी पड़ने से मुनाफा रूपी सोने-चांदी में बिक्री शुरू हो जाने से बड़ी गिरावट आने लगी।

### महाशिवरात्री पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हुई बैठक

**उज्जैन।** रविवार को महाशिवरात्री पर्व पर धार्मिक नगरी में आस्था का सैलाब दिखाई देगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन के साथ कानून-व्यवस्था को बनाये रखने के लिये शनिवार दोपहर एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में जिले के राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, क्राइम एएसपी, सायबर प्रभारी सहित महाकाल मंदिर ड्युटी पर तनात रहने वाले पुलिसकर्मी-अधिकारी शामिल हुए। एसपी द्वारा सभी को दिशा निर्देश जारी कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सतर्कता की बात कहीं। इससे पहले शुक्रवार रात कलेक्टर-एसपी खुद महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे थे।

# महाशिवरात्रि: मंगलनाथ, अंगारेश्वर में भातपूजा प्रतिबंधित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में महाशिवरात्रि के अवसर पर मंगलनाथ, अंगारेश्वर, जूना महाकाल, सर्वेश्वर महादेव और हाटकेश्वर पारद महादेव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर समितियों ने विस्तृत व्यवस्थाएं की हैं।

**अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे**



मंगलनाथ महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर भातपूजा पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। मंदिर प्रबंधक केके पाठक ने बताया कि यह परंपरा के अनुसार है और इसकी सूचना मंदिर परिसर में भी चस्पा कर दी गई है। भक्त गर्भ गृह से भगवान मंगलनाथ के दर्शन कर सकेंगे।

इसी तरह, अंगारेश्वर महादेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर भातपूजा, पंचामृत पूजन और गुलाल पूजा सहित सभी विशेष अनुष्ठान बंद रहेंगे। हालांकि, मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं को दिनभर फलाहारी खीर वितरित की जाएगी।

महर्षि सांदीपनि आश्रम स्थित स्वयंभू श्री सर्वेश्वर महादेव में पंच दिवसीय शिवरात्रि महापर्व मनाया जाएगा। पंडित राहुल व्यास के अनुसार, प्रातः विशेष पंचामृत अभिषेक होगा और दिनभर जल व दूध से अभिषेक जारी रहेगा। दोपहर 12 बजे फरियाली खिचड़ी का वितरण किया जाएगा।

पंडित आकाश रावल ने बताया कि जूना महाकाल में रात्रि 12 बजे से सुबह 4 बजे तक विशेष अभिषेक व पूजन होगा। यह पूजन धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के भाव को प्रेरित करने वाली चार विधियों से किया जाएगा। सिंहस्थ बायपास रोड स्थित हाटकेश्वर पारद महादेव मंदिर में रविवार को प्रसिद्ध पार्श्व गायिका कविता पौडवाल और सुप्रसिद्ध भजन गायक अर्जुन पांडे बाबा भोलेनाथ के भजनों की प्रस्तुति देंगे।

# मंगलनाथ मंदिर के मुख्य द्वार पर लगे पत्थर गिरे, श्रद्धालु बचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मंगलनाथ मंदिर में शनिवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। मंदिर के मुख्य द्वार पर लगे वजनी लाल पत्थर और फर्शियां अचानक नीचे गिर गई। घटना के समय मंदिर परिसर में पुजारी और श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी थी, लेकिन हादसे के दौरान कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

हादसा सुबह 9 बजे का बताया जा रहा है। मंदिर में प्रवेश के लिए एक मुख्य द्वार है। उससे सटे दो छोटे-छोटे द्वार भी हैं। इनमें से एक द्वार में अंदर की ओर लगा लाल पत्थर निकलकर नीचे गिर गया। पत्थर इनका वजनी था कि नीचे रखा सीमेंट का बड़ा गमला तक टूट गया। गेट को बंद कर दिया गया है।

**2016 में हुआ था निर्माण :** मंगलनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण का काम सिंहस्थ 2016 में शुरू किया था। पीडब्ल्यूडी ने लाल पत्थर लगवाए। मुख्य द्वार भी बनाया था। गेट पर ऊपर से लाल पत्थर लगाए थे। शनिवार सुबह पत्थर नीचे गिर गए। मंदिर प्रशासन ने इसकी खबर पीडब्ल्यूडी को दी। उसके बाद पत्थरों को हटाया और गेट बंद किया। महंत राजेंद्र भारती ने कहा समय रहते रखरखाव किया जाता तो ऐसी घटना नहीं होती।



# शिवरात्रि पर शिव की पूजन विधि



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सबसे पहले शिवलिंग को गंगाजल मिश्रित जल से स्नान कराएं। फिर पंचामृत अर्थात, दूध, दही, शहद, घी, शकर आदि से अभिषेक करें फिर गंगाजल से स्नान कराके चंदन का लेपन करें तदुपरांत शिवलिंग पर सफेद आक के फूल, धतूरा बेलपत्र, बेलफल जो शिव को प्रिय है ये सभी अर्पित करें। 108 बार ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप करें। शिवाष्टक का पाठ करें। रात्रि मे शिव विवाह का वाचन करें और परिवार के सभी सदस्य श्रवण करें। पूरे दिन उपवास करें और शिव से अपनी मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना करें। इस दिन शिव व पार्वती को मनाने से कामना अवश्य पूर्ण होती है ऐसा धर्मग्रंथों मे वर्णित है।

# बच्चा चोरी की आशंका में पकड़ाई महिला निकली विक्षिप्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धन्नालाल की चाल में शनिवार शाम लोगों ने बच्चा चोरी की आशंका में एक महिला को पकड़ लिया। हंगामा मचते ही पुलिस पहुंची। महिला विक्षिप्त होना सामने आई। जिसे जांच-पड़ताल के बाद छोड़ दिया गया।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि शाम को धन्नालाल की चाल में शिव बारात निकाली जा रही थी। कुछ लोगों द्वारा एक महिला को पकड़ लिया गया और बच्चा चोरी का आरोप लगाने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, लेकिन लोगों महिला को थाने ले आये थे। लोगों का कहना था कि महिला के साथ कुछ और लोग थे, जो भाग निकले। पुलिस ने जांच शुरू की और महिला से पूछताछ शुरू की। महिला विक्षिप्त होना सामने आई। वह अपनी उम्र कभी 10 साल तो कभी 30 साल बताने लगी। पुलिस ने महिला के संबंध में जानकारी जुटाई तो सामने आया कि चामुंडा माता मंदिर चौराहा के फुटपाथ पर रहती है और मंदिर समिति की ओर से मिलने वाले भोजन करती है। उसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं है। महिला के बच्चा चोर होने की पुष्टि नहीं होने पर पुलिस द्वारा उसे छोड़ दिया गया।

**एक दिन पहले 2 लोगों से हुई थी मारपीट-** तपोभूमि के पास शुक्रवार को कुछ लोगों ने कार में सवार 2 लोगों को बच्चा चोरी का आरोप लगाकर पकड़ लिया था। जिनके साथ मारपीट की गई। पुलिस जांच में पता चला था कि दोनों व्यक्तियों में एक लालसिंह पिता मानसिंह और दूसरा शीष पिता अनिल नामदेव है। लालसिंह होटल मेघदूत में डायवरी करता है और शीष होटल का इलेक्ट्रिशीयन है। दोनों कार से मजदूर लेने के लिये तपोभूमि की ओर गये थे। बाइक सवार 2 लोगों से टक्कर होने पर उन्हे बच्चा चोर समझ पकड़ लिया गया था।

# सेवाधाम आश्रम के दिव्यांगों ने किये बाबा महाकाल के दर्शन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कानून व्यवस्था के साथ अपराधों पर अंकुश लगाने वाली उज्जैन पुलिस सामाजिक और मानवीय दायित्वों का निवर्हन भी कर रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा शनिवार को महाशिवरात्री महोत्सव में सेवाधाम आश्रम के 50 से अधिक दिव्यांगों को बाबा के दर्शन करने की व्यवस्था मंदिर समिति के माध्यम से कराई।

12 ज्योतिर्लिंगों में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के दर्शन की कामना देशभर के लोगों में बनी हुई है। बाबा के दरबार में महाशिवरात्री का पर्व मनाया जा रहा है। रविवार को महाशिवरात्री का पर्व है, इससे पहले शनिवार को सेवाधाम आश्रम अंकित ग्राम में रहने वाले दिव्यांग बच्चों और बुजुर्गो के लिये पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा दर्शन व्यवस्था कराई गई। मंदिर समिति के माध्यम से की गई दर्शन व्यवस्था के चलते सेवाधाम आश्रम से 50 से अधिक दिव्यांगों को शासकीय वाहन से महाकाल मंदिर लाया गया। जहां पुलिस टीम की मदद से सभी को व्हील चेयर के माध्यम से सुरक्षित दर्शन कराये गये। बाबा महाकाल के दर्शन कर दिव्यांगों अभिभूत हो गये। उन्होने पुलिस प्रशासन और महाकाल मंदिर समिति का आभार माना। दर्शन के बाद मंदिर परिसर में ही सभी के लिये स्वल्पहार की व्यवस्था की गई थी। मंदिर से सभी को शासकीय वाहन से वापस आश्रम तक पहुंचाया भी गया।

उज्जैन
रविवार
15
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-104
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



नागिन 7 में इच्छाधारी ड्रैगन की एंट्री पर भड़के दर्शक, कहानी पर उठे गंभीर सवाल
पेज- 8

## वंदे मातरम वफादारी का टेस्ट ना बने, आरएसएस-बीजेपी भारत को धार्मिक देश बनाना चाहते हैं



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि वंदे मातरम गाना और इसको सम्मान देना देश से वफादारी का टेस्ट ना माना जाए। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत को एक धार्मिक देश बनाना चाहते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में ओवैसी ने कहा कि संविधान 'हम लोग' से शुरू होता है, 'भारत माता की जय' जैसे नारों से नहीं। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 25 धर्म की आजादी के बुनियादी अधिकार की गारंटी देता है। दरअसल, केंद्र सरकार ने 12 फरवरी को एक आदेश जारी कर राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन की तरह ही सम्मान देना अनिवार्य कर दिया है।

## भारत को मिलने वाले 114 में से 24 होंगे सुपर-राफेल

**नई दिल्ली।** फ्रांस के साथ भारत 114 राफेल लड़ाकू विमानों का सौदा 3.25 लाख करोड़ रुपए में करने जा रहा है। 17 फरवरी से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ की तीन दिन की भारत यात्रा शुरू हो रही है। इसी दौरान इस डील पर मुहर लगेगी। इन 114 में से 24 विमान सुपर राफेल होंगे, जिन्हें फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी दसॉ एविएशन एफ-5 नाम से बना रही है। अभी वायुसेना के पास एफ-3 राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान हैं। इनमें स्टेल्थ क्षमता और परमाणु हथियार दागने की शक्ति है लेकिन, नए विमान एफ-4 पीढ़ी के हैं। इसलिए इन्हें 5वीं जेनरेशन का कहा जा रहा है। यूरोपीय मानकों के हिसाब से एफ-5 राफेल असल में छठी पीढ़ी के जेट होंगे।

## अभिषेक फिट हों तो टीम और खतरनाक, स्पिन से निपटने की क्षमता भारत में



**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरॉन फिंच ने कई अहम मुद्दों पर बात की। मीडिया-डे पर जियोस्टार एक्सपर्ट फिंच ने कहा कि अगर अभिषेक शर्मा फिट होकर वापसी करते हैं तो भारत की टीम और भी मजबूत हो जाएगी। फिंच के मुताबिक, अभिषेक गेंद की पहली ही डिलीवरी से अटैक पर हावी होने की क्षमता रखते हैं और दुनिया में बहुत कम खिलाड़ी हैं जो इस अंदाज में लगातार दबाव बना सकें। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि टूर्नामेंट के आगे के स्टेज को ध्यान में रखते हुए टीम मैनेजमेंट को जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।

## आईपीएस प्रतिनियुक्ति पर नया कानून ला सकती है केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों की केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में प्रतिनियुक्ति को लेकर बड़ा कदम उठाने के संकेत दिए हैं। गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक शपथ पत्र में कहा है कि वह इस विषय पर वैधानिक हस्तक्षेप पर विचार कर रहा है। मंत्रालय ने अदालत को अवगत कराया कि इस हस्तक्षेप के तहत आईपीएस अधिकारियों की केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में प्रतिनियुक्ति के मुद्दे पर कानून बनाया जा सकता है और साथ ही सीएपीएफ अधिकारियों को ऑर्गनाइज्ड ग्रुप ए सर्विसेज का दर्जा देने पर भी विचार किया जा रहा है। यह हलफनामा उस पृष्ठभूमि में दायर किया गया है जब सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में इंस्पेक्टर जनरल रैंक तक के आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को चरणबद्ध तरीके से कम करने की दिशा में कदम उठाए।

### महाशिवरात्रि पर्व : रात 2.30 बजे पट खुले फिर भस्म आरती, भांग-चंदन और त्रिपुंड से राजा स्वरूप का श्रृंगार

# महाकाल मंदिर में अबतक 2 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**




महाशिवरात्रि पर्व पर आज उज्जैन में 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। अब तक 2 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। रविवार होने के कारण भीड़ तेजी से बढ़ रही है। होटल, लॉज और होम-स्टे पहले ही फुल बुक हो चुके हैं।

मध्य रात्रि 2:30 बजे मंदिर के पट खोले गए। प्रथम घंटाल बजाकर मंदिर में प्रवेश किया गया। मंत्रोच्चार के साथ गर्भगृह में स्थापित सभी प्रतिमाओं का पूजन कर हरिओम का जल अर्पित हुआ। कपूर आरती के बाद पंडे-पुजारियों ने जलाभिषेक किया। फिर दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया।

महाकाल को भांग, चंदन और त्रिपुंड अर्पित कर राजा स्वरूप श्रृंगार किया गया। इसके बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म रमाई गई। शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाल और रुद्राक्ष की माला के साथ-साथ मोगरे और गुलाब से बनी फूलों की माला अर्पित की गई। तड़के हुई भस्म आरती में प्रवेश पासधारी श्रद्धालुओं के साथ-साथ चलित भस्म आरती के दर्शन भी कराए गए। महाकाल मंदिर समिति का दावा है कि पर्व के दौरान औसतन 40 मिनट में दर्शन कराए जा रहे हैं। परंपरा के अनुसार महाकाल को दिनभर जल अर्पित किया जाएगा। चार पहर की पूजा के चलते मंदिर रात भर खुला रहेगा। 16 फरवरी की रात शयन आरती के बाद करीब 10:45 बजे मंदिर के पट बंद होंगे। यानी करीब 44 घंटे लगातार महाकाल के दर्शन होंगे।

### भस्म आरती के बाद ये पूजन होंगे

- रात 2.30 बजे पट खुलने के बाद भस्म आरती की गई। सुबह 7:30 से 8:15 तक दद्योदक आरती, 10:30 से 11:15 बजे तक भोग आरती होगी। दोपहर 12 से 1 बजे तक तहसील की ओर से अभिषेक-पूजन होगा। फिर होलकर और सिंधिया परिवार की तरफ से पं. घनश्याम पुजारी अभिषेक करेंगे।
- उसके बाद श्री महाकालेश्वर भगवान की शाम 6 बजे की आरती होगी। रात 7 से 10 बजे तक कोटितीर्थ कुंड पर स्थित कोटेश्वर महादेव का पंचामृत पूजन, सप्तधान अर्पण के बाद पुष्प मुकुट श्रृंगार आरती होगी। आज शयन आरती नहीं होगी।

### सीबीएन की कार्रवाई

# महू में ड्रग्स की फैक्ट्री पकड़ी

### 44 किलो एमडी और 260 किलो केमिकल जब्त

**ब्रह्मास्त्र ›› महू**

सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीएन) ने महू के थवलाय में किराए के मकान में चल रही एमडी ड्रग्स बनाने की लैब का खुलासा किया है। यहां से 44 किलो एमडी ड्रग्स, 260 किलो केमिकल-पाउडर और ड्रग्स बनाने की मशीनें जब्त की हैं। एक दिन पहले 8 किलो ड्रग्स पकड़ी गई थी। अब तक 52 किलो ड्रग्स मिली है। इसकी कीमत 15.60 करोड़ रु. है।

**मंदसौर से जुड़ी कड़ी :** सीबीएन ने शुक्रवार रात मंदसौर में यात्री बस से 8 किलो एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी को पकड़ा था। पूछताछ में उसने बताया कि ड्रग्स थवलाय गांव में किराए के मकान में बनाई जाती थी।

शनिवार को 20 सदस्यीय टीम गांव पहुंचकर घनश्याम यादव के मकान पर दबिश दी। टीम को यहां अत्याधुनिक लैब मिली, जहां मैन्युफैक्चरिंग यूनिट जैसे ड्रग्स तैयार की जा रही थी।

# भारत-पाकिस्तान मैच आज, क्या अभिषेक शर्मा खेलेंगे

**ब्रह्मास्त्र ›› कोलंबो**



**उस्मान तारिक की चुनौती से कैसे निपटेगी टीम इंडिया, क्या बारिश बिगाड़ेगी खेल**

टी-20 वर्ल्ड कप में आज भारत और पाकिस्तान मैच होगा। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में दोनों पड़ोसी शाम 7 बजे से एक-दूसरे के सामने होंगे। टॉस शाम 6.30 बजे होगा। हालांकि, कोलंबो में बारिश हो रही है। रविवार को भी दिन में बारिश का अनुमान है। हालांकि, मैच के टाइम में बारिश की आशंका 10% के आसपास ही है। भारत 2007 और 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीत चुका है, टीम ने अपना पहला टाइटल पाकिस्तान को फाइनल हराकर ही जीता था। दूसरी ओर पाकिस्तान 2009 का चैंपियन है, टीम 2007 और 2022 में रनर-अप रह चुकी है। टीम इंडिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती श्रीलंकाई पिच पर उस्मान तारिक की गेंदबाजी होगी। तारिक का रुक कर गेंदबाजी करना, स्पीड वेरिएशन और एंगल भारतीय बैटर्स के लिए बड़ी चुनौती है।

**टूर्नामेंट में 10 मैच से नहीं हारा भारत:** टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के नाम लगातार 10 मैच जीतने का रिकॉर्ड है। टीम ने 2024 में 8 मैच जीते थे, अब 2026 में 2 मैच जीतकर टीम नया रिकॉर्ड बना चुकी है।

**पाकिस्तान को 8 में से 7 वर्ल्ड कप मैच हराए:** भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 वर्ल्ड कप में अब तक 8 मैच खेले गए, 7 में भारत और महज 1 में पाकिस्तान को जीत मिली। टी-20 इंटरनेशनल में भी भारत ही आगे है। दोनों ने ओवरऑल 16 टी-20 खेले, 13 में भारत और सिर्फ 3 में पाकिस्तान को जीत मिली।

# कुबेरेश्वर धाम से लौटे श्रद्धालु की स्टेशन पर मौत

**ब्रह्मास्त्र ›› सीहोर**

सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में चल रहे रुद्राक्ष उत्सव से लौट रहे एक श्रद्धालु की शनिवार शाम संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की पहचान उज्जैन जिले के नागदा निवासी 67 वर्षीय शंकर दास चांदनी के रूप में हुई है। घटना सीहोर रेलवे स्टेशन की है, जहां वे ट्रेन का इंतजार कर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार शाम करीब 5:30 बजे शंकर दास चांदनी सीहोर रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे। इसी दौरान वे अचानक लड़खड़ाकर जमीन पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। उन्हें गिरता देख स्टेशन पर मौजूद अन्य यात्रियों और रेल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें प्राथमिक इलाज के तौर पर सीपीआर दिया, ताकि उनकी धड़कनें वापस लाई जा सकें। इसके बाद उन्हें आनन-फानन में एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# इंदौर में एमबीए छात्रा की हत्या का आरोपी क्लासमेट गिरफ्तार




### गोवा में ट्रेन से पकड़ाया, सोशल मीडिया पर डाले थे 11 आपत्तिजनक वीडियो

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के द्वारकापुरी में 25 वर्षीय एमबीए छात्रा की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी पीयूष धनोतिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की लोकेशन गोवा में ट्रेस हुई थी, जहां वह मृतका का मोबाइल चालू कर इस्तेमाल कर रहा था। घेराबंदी के बाद पुलिस ने उसे गोवा से महाराष्ट्र जाने वाली ट्रेन में दबोच लिया।

पुलिस के मुताबिक 10 फरवरी की रात हत्या के बाद आरोपी करीब 8 बजे अपने कमरे से निकल गया था। रात 11 बजे उसने छात्रा के मोबाइल से उसकी बहन को मैसेज भेजा- पापा से कहना अब वह घर नहीं लौटेगी। इसके बाद परिजनों ने सहेलियों और परिचितों को कॉल किए, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

जांच में सामने आया कि आरोपी ने दोनों के बीच के 11 आपत्तिजनक वीडियो कॉलेज ग्रुप में शेयर किए। बाद में युवती के वॉट्सऐप स्टेटस पर भी वीडियो अपलोड किए गए और मोबाइल में सेव नंबरों पर भेजे गए, जिससे रिश्तेदारों में हड़कंप मच गया।

**कमरे पर मिला ताला, पुलिस पहुंची अंदर-** पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस आरोपी के कमरे पहुंची, जहां ताला लगा मिला। जांच अधिकारी गोकुल मालवीय ने मकान मालिक से अतिरिक्त ताला लगवाकर निगरानी के निर्देश दिए थे। पुलिस ने आरोपी के पिता से भी पूछताछ की।



## खबर एक नजर...

### पश्चिम से पूर्व तक भारत नापने निकलीं आशा मालवीय, उज्जैन में हुआ स्वागत

**उज्जैन।** देश में महिलाओं के सशक्तिकरण और जागरूकता का संदेश देने के लिए लंबी साइकिल यात्रा पर निकलीं सोलो साइकिलिस्ट आशा मालवीय शनिवार को उज्जैन पहुंचीं। यहाँ सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कंप्यूटर साइंस अध्ययनशाला में उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. कल्पना सेंगर, डॉ. बुनकर, डॉ. जीवन सिंह सोलंकी, डॉ. लोकेश लढाणी, डॉ. देशवाली और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। साथ ही सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह सेंगर और सदस्य तुषार पिल्लैवार ने आशा मालवीय का स्वागत कर उनका उत्साह बढ़ाया। आशा मालवीय भारत के पश्चिम से पूर्व तक की लंबी यात्रा कर रही हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल शारीरिक शक्ति की परीक्षा नहीं है, बल्कि महिलाओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं, विशेषकर लड़कियों को संदेश देते हुए कहा कि उनकी इस यात्रा की सबसे बड़ी प्रेरणा यही है कि युवा अपने सपनों को पहचानें और उन्हें पूरा करने के लिए पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

### जिन्हें मंजिल दिखाई देती है, उन्हें बाधाएं नजर नहीं आतीं - आशा मालवीय

**उज्जैन।** शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में नारी शक्ति की प्रतीक, सोशल साइकिलिस्ट, पर्वतारोही और एथलीट आशा मालवीय का सम्मान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके अदम्य साहस की सराहना की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्तर की सोलो साइकिलिस्ट आशा मालवीय ने कहा कि जीवन में कई बाधाएं होने के बावजूद उन्होंने हमेशा अपने सपने और मंजिल को देखा। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जिन्हें मंजिल दिखाई देती है, उन्हें बाधाएं नजर नहीं आतीं। आशा ने बताया कि बहुत कम उम्र में ही उन्होंने तय कर लिया था कि उन्हें देश के लिए कुछ करना है और वे उसी यात्रा पर निरंतर चल रही हैं।

### आज तक ऐसी कोई मशीन नहीं बनी जो व्यक्ति को भीतर से प्रसन्न कर सके

# राष्ट्रीय गणित दिवस के अंतर्गत गणित, कला एवं रचनात्मकता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 138वीं जयंती के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय गणित दिवस 2026 के अंतर्गत ह्लगणित, कला एवं रचनात्मकताह्व विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन गणित विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद शर्मा के संयोजन तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेश लाल मेहरा थे। विशिष्ट अतिथियों में उज्जैन संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच. एल. अनिजवाल, जनजाति अनुसंधान अधिकारी डॉ. माधुरी यादव तथा सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के गणित विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

द्वितीय सत्र मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक डॉ. वी. के. गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। विशिष्ट वक्ताओं के रूप में परीक्षा नियंत्रक (एमपी-सेट) डॉ. रजनी भार्गव, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. रविंद्र पंचभाई एवं उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. गजेंद्र उज्जैनकर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अपने उद्बोधन में डॉ. राजेश लाल मेहरा ने छात्राओं को जीवन में प्रसन्नता और संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज तक ऐसी कोई मशीन नहीं बनी जो व्यक्ति को भीतर से प्रसन्न कर सके। साथ ही उन्होंने पीएससी से चयनित अभ्यर्थियों के सम्मान समारोह उनके विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर मनाने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि वही उनके ज्ञान की नींव रखते हैं।

मुख्य वक्ता डॉ. वी. के. गुप्ता ने छात्राओं को नवीन शिक्षा नीति से अवगत कराते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा पूर्व में हमारे संस्कारों और जीवन का हिस्सा थी, किंतु पाठ्यक्रम में उसका समुचित स्थान नहीं था। वर्तमान में इसे मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा विभाग के पाठ्यक्रम में समाहित किया गया है।



डॉ. रविंद्र पंचभाई ने गणित की सर्वव्यापकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई भी विषय गणित से अछूता नहीं है। गणित आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास का आधार है।

डॉ. माधुरी यादव ने भारत की जनजातीय संस्कृति को देश का गौरव बताते हुए छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया तथा पुस्तकों को अपना गुरु मानने का संदेश दिया।

डॉ. रजनी भार्गव ने गणित को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि यह तार्किक क्षमता को विकसित करता है। डॉ. गजेंद्र उज्जैनकर ने गणित, कला और रचनात्मकता को जीवन की त्रिवेणी बताते हुए कहा कि जिस प्रकार तीन भुजाओं से त्रिभुज बनता है, उसी प्रकार ये तीनों तत्व मिलकर सकारात्मक व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं।

# युवा कांग्रेस की बैठक में समीक्षा के साथ की भविष्य की रूपरेखा पर चर्चा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन जिला युवा कांग्रेस द्वारा शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों एवं भविष्य की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अर्पित यादव ने की। बैठक मुख्य रूप से उज्जैन शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, जिला सह-प्रभारी वर्देशपाल सिंह जादौन, ब्लॉक अध्यक्ष बबलू खींची और प्रदेश महासचिव प्रतीक जैन के आतिथ्य में संपन्न हुई।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रवि मुकाती, उज्जैन दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज सिंह चावड़ा, महिदपुर विधानसभा अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह



डोडिया, नागदा विधानसभा अध्यक्ष वीरम गुर्जर, नागदा उपाध्यक्ष चितवन मालपानी, योगेश दायमा, अरुण पोरवाल, अतुल चौहान, आर्यन मालवीय, दक्षिण विधानसभा उपाध्यक्ष अवधेश यादव, यश उदय पागे, आशुतोष अंजना आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्णिमा श्री सेवा संगठन के निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान में हजारों ने कराई हृदय जांच

### विभिन्न अशासकीय अस्पतालों में हो रहा निःशुल्क उपचार

### तराना विधानसभा के जवासियाकुमार एवं उज्जैन शहर के वृंदावनपुरा व कोट मोहल्ला में शिविर संपन्न

### तराना विधानसभा के बाद अब बड़नगर में भी गूंजेगा दिल से कहो अपने मोहनजी है न

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक दो वर्ष के उपलक्ष्य में पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान




ह्यदिल से कहो अपने मोहनजी है नह्न अंतर्गत हजारों नागरिकों ने अपने हृदय की जांच कराई, शिविरों में चिन्हित मरीजों का उपचार भी प्रारंभ हो गया है। ह्यइसी श्रृंखला में शनिवार को तराना विधानसभा में शिविरों की श्रृंखला प्रारंभ हुई एवं सोमवार 16 फरवरी से बड़नगर विधानसभा में भी शिविर आयोजित किये जाएंगे। अभियान के मुख्य संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल ने विस्तार से बताया कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ यह अभियान संपूर्ण जिले में फैल रहा है। अभियान में अब तक संपन्न हुए शिविरों के अंतर्गत उज्जैन जिले के हजारों नागरिकों ने अपने हृदय की जांच कराई है। चिन्हित मरीजों का उज्जैन, देवास एवं इंदौर के अशासकीय अस्पतालों में उपचार भी प्रारंभ हो चुका है। यह उपचार आयुष्मान अंतर्गत अधिसूचित अस्पतालों में पूर्णतः निःशुल्क किया जा रहा है।

# संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत लगेंगे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

### हृदय और कैंसर जैसे रोगों की होगी जांच

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

संकल्प से समाधान अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन और पूर्णिमाश्री सेवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में बड़नगर ब्लॉक के विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इन शिविरों में हृदय रोग, नेत्र रोग और ब्रेस्ट कैंसर का परीक्षण किया जाएगा, साथ ही मौके पर आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी भी बनाई




जाएगी।

बीईई दिनेश कुमार पंचोली व हेल्थ सुपरवाइजर मो. रफीक मंसूरी ने बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक दो वर्ष के उपलक्ष्य में विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या के नेतृत्व में, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के दिशा-निर्देश पर और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. विजेंद्र सिंह अजनार के मार्गदर्शन में इन शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। ग्रामीण जनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ब्लॉक के अलग-अलग गांवों में शिविर लगाए जाएंगे। हेल्थ सुपरवाइजर एम आर मंसूरी एवं नारायण शर्मा के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया में अभियान की सफलता को लेकर बड़नगर ब्लॉक के समस्त सेक्टर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे इन शिविरों के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाएं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग स्वास्थ्य लाभ ले सकें।

विधानसभा संयोजक विराग मिश्रा और शांतिलाल गोखरू के समन्वय में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 फरवरी को सिविल हॉस्पिटल, बड़नगर में शिविर लगेगा जिसके संयोजक लोकेन्द्र सिंह पंवार होंगे। 17 फरवरी को चामुंडा माता मंदिर गजनिखेड़ी, रूनिजा में लगेगा जिसके संयोजक सुनील यादव रहेंगे। 18 फरवरी को सरस्वती शिशु मंदिर, पीपलू संयोजक राजेन्द्र नागर, दशरथ जायसवाल, 21 फरवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, भाटपचलाना संयोजक हुकुमचंद चौधरी, भेरूलाल, 28 फरवरी को आनंदीलाल का मकान, बंग्रेड संयोजक मुन्ना नागर, 9 मार्च सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, इंगोरिया संयोजक गणपत सिंह, विक्रम सिंह डाईजी, 13 मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खरसोदकलां संयोजक पंकज बारिया रहेंगे। वहीं जहांगीरपुर पंचायत भवन में शासकीय आयुर्वेदिक हॉस्पिटल संयोजकः इन्द्रपाल पंड्या रहेंगे।

स्वास्थ्य विभाग और पूर्णिमाश्री सेवा संगठन ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी नजदीकी स्वास्थ्य संस्था पर पहुंचकर इन निःशुल्क शिविरों का लाभ उठाएं।

## खबर एक नजर...

### अंतर्राष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस: विशेषज्ञों ने बताया- 'समय पर पहचान से संभव है इलाज'

**उज्जैन।** आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध सीआर गार्डी हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस की पूर्व संध्या पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष 15 फरवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस का उद्देश्य बच्चों में बढ़ रहे कैंसर के प्रति समाज को जागरूक करना और पीड़ित परिवारों के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करना है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश चितलकर, डॉ. प्रियेश दुबे, डॉ. सौरभ करनावट और मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. एसपी मुखिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों में कैंसर के लक्षण, पहचान और समय पर इलाज से कैसे जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कैंसर सरवाइवर्स और उनके परिवारों के संघर्ष और साहस पर भी प्रकाश डाला।

इस जागरूकता वार्ता में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और स्वास्थ्य विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर कार्यक्रम का लाभ उठाया।

### हाटकेश्वर धाम में गूंजेंगे कविता पौडवाल और अर्जुन पांडे के सुर, पारद शिवलिंग को लगेगा 56 भोग

**उज्जैन।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सिंहस्थ बायपास रोड स्थित श्री हाटकेश्वर पारद महादेव मंदिर में भक्ति और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। मंदिर में पांच दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के मुख्य दिन, आज रविवार 15 फरवरी को प्रसिद्ध पार्श्व गायिका कविता पौडवाल और सुप्रसिद्ध भजन गायक अर्जुन पांडे अपनी सुमधुर वाणी से बाबा भोलेनाथ के भजनों की प्रस्तुति देंगे।

आयोजन को लेकर मंदिर समिति ने भव्य तैयारियां की हैं। मुख्य कार्यक्रम आज रविवार सुबह 10:30 बजे से शुरू होकर दोपहर 4:00 बजे तक चलेगा। इस दौरान महाअभिषेक, महाआरती और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं के लिए फलाहारी और भोजन महाप्रसादी की व्यवस्था सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक रहेगी। मंदिर के पुजारी पं. कवींद्र भारद्वाज ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठानों की शुरूआत सुबह 9 बजे से ही हो जाएगी, जिसमें संगीतमय हवनात्मक और अभिषेकात्मक लघु रुद्र शामिल हैं। श्रद्धालुओं को सिद्ध रुद्राक्ष मालाओं का निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा।

#### रत्नों से होगा बाबा का दिव्य श्रृंगार

हाटकेश्वर विहार कॉलोनी स्थित इस मंदिर में पारद सिद्ध शिवलिंग का महाशिवरात्रि पर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। भगवान को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। अभिषेक के बाद भांग, मक्खन-मिश्री, सूखे मेवे, मृग चर्म और विभिन्न रत्नों व दिव्य आभूषणों से बाबा का श्रृंगार होगा। शाम 7:15 बजे विशेष संध्या आरती होगी। समाजसेवी महेश परियानी, दिलीप परियानी और अमित कावड़िया के संयोजन में हो रहे इस महोत्सव के लिए मंदिर परिसर, यज्ञशाला और पूरे मार्ग को तोरण द्वार, ध्वज और रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया है।

# पुलवामा के शहीदों को उज्जैन ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि, तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## शहीदों का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता, उनकी स्मृति को जीवित रखना हमारा दायित्व: महेश परमार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले पुलवामा के 40 वीर जवानों को आज उज्जैन में नम आँखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास, सर्व कल्याण बजरंग दल एवं रूप सिंह दरबार बामनिया बंजारा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शहीद तिरंगा यात्रा एवं श्रद्धांजलि सभा शहीद पार्क पर गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई।



कार्यक्रम की शुरूआत पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों के चित्रों पर पुष्पमालाएँ अर्पित कर की गई। हजारों कार्यकताओं एवं नागरिकों ने मौन रखकर अमर शहीदों को नमन किया। इसके पश्चात राष्ट्रभक्ति नारों और हाथों में लहराते तिरंगों के साथ भव्य शहीद तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे शहर को देशप्रेम के रंग में रंग दिया।

### शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लें युवा

मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान, सर्व कल्याण बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली निगम ने बताया कि यह आयोजन केवल एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम नहीं, बल्कि शहीदों के बलिदान को स्मरण कर समाज में राष्ट्रप्रेम की चेतना जागृत करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 से निरंतर हर वर्ष यह आयोजन किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी देश के शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष एवं तराना विधायक महेश परमार थे। उन्होंने कहा कि जिन वीर जवानों ने देश की रक्षा में अपने प्राण अर्पित किए, उनका ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता, लेकिन उनकी स्मृति को जीवित रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। पुलवामा के वीर जवानों की शहादत हमें याद दिलाती है कि देश की आजादी और सुरक्षा कितने बड़े बलिदानों से सुरक्षित है।

### गूंज उठे देशभक्ति के नारे

तिरंगा यात्रा के दौरान नागरिकों ने ह्लभारत माता की जयह्व, ह्लवंदे मातरम्ह्व और ह्लअमर जवान अमर रहेंह्व जैसे नारों के साथ वातावरण को भावुक कर दिया। महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे कृ सभी वर्गों की सहभागिता ने यह सिद्ध कर दिया कि उज्जैन का जन-जन अपने वीर सपूतों के प्रति कृतज्ञ है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय तेजवीर सेवा के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर सिंह जाट, हिंदूवादी नेता रूपेश ठाकुर, प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश कुमावत, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरि माली, पवन बरोलिया, विश्वास सिंह चौहान, रणवीर सिंह चौहान, सरद चौहान उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय रूप सिंह दरबार बामनिया बंजारा संगठन से राहुल मोडवत, कैलाश चावड़ा, गिरधारी लाल खिची, राम सिंह दायमा, मनोज गरासिया, भीम सिंह दायमा, अंतर सिंह चौहान, विजय खींची, रघुनाथ दायमा, बापु दायमा, श्याम लाल राठौर, इंद्र चावड़ा, किशन चंदेल, राकेश बागड़ा, राजेश खींची, गणेश, कुंदन सिंह दायमा, अंतर बागड़ा, कैलाश, प्रभु, गोविंद, प्रभु लाल, जितेन गरासिया, भेरूलाल चावड़ा, दीपक चावड़ा, नरेंद्र गरासिया, दीपक चावड़ा सहित समस्त बामणिया बंजारा समाज उपस्थित रहा।

इसके साथ ही युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व कल्याण बजरंग दल बबलू जाट, राष्ट्रीय सह सचिव राहुल जाट, राष्ट्रीय मंत्री योगेश जाट, युवा प्रदेश अध्यक्ष देवराम जाट, गौरक्षा परिषद प्रदेश अध्यक्ष विशाल नागर, संभाग संगठन मंत्री प्रणव जाट, जिला अध्यक्ष राहुल चावड़ा, जिला उपाध्यक्ष लोकेंद्र परमार, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष पंकज बोडाना, बड़नगर से शुभम चौधरी, महानगर उपाध्यक्ष अजय चौधरी, मीडिया प्रभारी राजेश बना, गौ रक्षा परिषद से कुनाल सिसोदिया, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश जोशी, तपोभूमि उपाध्यक्ष राकेश चौहान, तपोभूमि अध्यक्ष अजय चौधरी, अंकित यादव, अर्जुन मालवीय, राहुल भाट, विकास, बने सिंह माली, उज्जैन नगर अध्यक्ष भैरव सिंह मालवीय, भानु ठाकुर, गोकुल सिंह दरबार, मनीष बैरागी, सचिन लाल, पशुपतिनाथ गौ सेवा संस्था के अध्यक्ष गौरव बना, सुमित्रा सिंह चौहान एवं गोरक्षा न्यास महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तनु गांधी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता व युवा शामिल हुए।

## पुलवामा की छटी बरसी: गीत के साथ वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुलवामा आतंकी हमले की छठी बरसी पर शुक्रवार को देश के वीर सपूतों को नम आंखों से याद किया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 14 फरवरी 2019 को हुए कायराना हमले में शहीद हुए 40 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि आज का दिन भारत के इतिहास में एक काला दिन है, जब देश ने अपने 40 महान सपूतों को खो दिया था। श्रद्धांजलि सभा के दौरान शहर के प्रसिद्ध गायक डॉ. तेज कुमार मालवीय ने देशभक्ति गीत ₹कर चले हम फिदा जान-ओ-तन साथियों, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों₹ प्रस्तुत किया। उनके स्वर और गीत के भावों ने वहां मौजूद सभी लोगों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात शहीद स्मारक पर जवानों के चित्रों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें नमन किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षाविद सादिक मंसूरी, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन, चेतन ठक्कर, शरीफ खान, शाकिर खान, रणजीत सिंह, अनुदीप गंगवार, कपिल भारद्वाज और इकबाल उस्मानी उपस्थित थे। उक्त जानकारी इरफान राइन और सैयद आशिक अली ने दी।

### 2.60 लाख बहनों के खातों में आए 39.06 करोड़ रुपये

**मन्दसौर।** मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत माह जनवरी 2026 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित हुआ, जहां कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया तथा मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सभी ने सुना। जिला कार्यक्रम अधिकारी बी.एल. विश्नोई ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिले की कुल 2 लाख 60 हजार 414 लाड़ली बहनों को 39.06 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की।

## महाविद्यालय विकास में अहम कड़ी के रूप में योगदान दें छात्राएं - श्रीराम तिवारी

### शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'अनुगूँज-2026' का समापन, विजेताओं को किया पुरस्कृत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




छात्राएं अपने उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ें और महाविद्यालय विकास में एक अहम कड़ी के रूप में अपना योगदान सर्वदा अपनी मातृ संस्था को देती रहें।

ये उद्गार मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार श्रीराम तिवारी ने शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उज्जैन के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव ₹अनुगूँज 2026₹ के समापन समारोह में व्यक्त किए। वार्षिकोत्सव का समापन अंतिम दिवस युगल एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताओं के रंगारंग आयोजन के साथ हुआ।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्य परिषद सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिंह कुशवाह, शिप्रा लोक संस्कृति के अध्यक्ष नरेश शर्मा, माधव विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास, सम्राट विक्रमादित्य शोधपीठ के एकेडमिक निदेशक डॉ. रमन सोलंकी एवं राष्ट्रीय कवि दिनेश दिग्गज उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राजेश सिंह कुशवाह ने कहा कि वार्षिकोत्सव का समय विश्वविद्यालय परीक्षाओं के पूर्व स्वयं को रिलैक्स करने का समय होता है, जिससे वे परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन कर पाएं। वहीं राष्ट्रीय कवि दिनेश दिग्गज ने छात्राओं का आव्हान किया कि उन्हें जड़ों से जुड़ा रहकर संस्कारों को जीवित रखना है, क्योंकि नई पीढ़ी गढ़ने में उनका अहम योगदान होने वाला है।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने कहा कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन विद्यार्थियों में संस्था के प्रति अपनेपन की भावना विकसित करने के साथ उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक सुअवसर होता है।

प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

समारोह में डॉ. उज्ज्वला बाबर ने स्नातक स्तर पर गणित विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा आस्था बैरागी को 'डॉ. शेखर बाबर स्मृति रजत पदक' प्रदान किया। इसके साथ ही ग्राम नाटाराम (राजगढ़) की राष्ट्रीय एथलीट एवं पर्वतारोही आशा मालवीय का भी सम्मान किया गया, जिन्होंने पूरे भारत में 6000 किलोमीटर की साइकिल यात्रा की है।

पुरस्कार वितरण समारोह में मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाली, खेलकूद, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं इको क्लब द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इससे पूर्व संगीत विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। छात्रसंघ एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. रश्मि भार्गव ने स्वागत भाषण एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना अखंड ने किया और आभार डॉ. संगीता कार्लेकर ने माना।

## खबर एक नजर...

### वार्ड 39 में संगठन सर्जन अभियान के तहत वार्ड समिति की बैठक हुई संपन्न

**उज्जैन।** संगठन सर्जन अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 39 स्थित किशनपुरा के संत बालीनाथ कम्युनिटी हाल में वार्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, पार्टी विस्तार तथा नए कार्यकताओं के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता माधव नगर ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त, जिला प्रभारी अमित शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, पूर्व प्रशासक अजीत सिंह ठाकुर, पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल उपस्थित रहे। इनके साथ पूर्व पार्षद जितेंद्र तिलकर, सुरेंद्र मरमट, दीपक मेहरा, लालचंद भारती, हिमांशु जोशी, अर्पित यादव, बाबूलाल गोठवाल, मनोहर चावंड, राजू खलीफा एवं सुरेश वासनिक भी मंचासीन रहे। अतिथियों एवं वार्ड के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकताओं का स्वागत मनीष गोमे, हरीश ललावत, राहुल अखंड एवं निखिल गोठवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर रामप्रसाद तिलकर, जमनालाल गोठवाल, सुरेंद्र गोठवाल, महेश गोठवाल, सोहेल जैदी, नंदकिशोर धवन, हर्ष सिसोदिया, जितेंद्र जाटवा, योगेंद्र तिलकर, धीरज सिसोदिया, प्रदीप ललावत, अशोक तिलकर सागर, राहुल, सचिन गोमे, लालचंद जाटवा, दिलीप धवन, प्रथमेश पाटिल, राजेंद्र गोमे, धनराज, लालू लोदवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दुर्घटना में एक की मौत, कार चालक पर प्रकरण दर्ज

**मन्दसौर।** जिले के गरोठ थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग की जांच पर इस मामले में अज्ञात मारुति सुजुकी अल्टो क्र. जीजे 27सीएफ 1198 के चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा गरोठ थाना क्षेत्र के ग्राम रणायरा में श्मशान के पास मांगलिक भवन के सामने विगत 14 जनवरी को घटित हुआ। पुलिस ने जांच में पाया कि घटना दिनांक को अज्ञात मारुति सुजुकी अल्टो कार के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटर साइकिल चालक को गंभीर चोट आने पर उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

### श्री किलेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर मेला लगेगा

**नीमच।** नीमच अंचल के प्रसिद्ध श्री किलेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार को भक्तों का सैलाब उमडेगा। मेले का आयोजन भी मंदिर समिति द्वारा किया जा रहा है। जिसमें बच्चों के खेलकूद सहित खान–पान की सामग्री मौजूद रहेगी। युवा समाजसेवी अरूल अरोरा गंगानगर द्वारा महाशिवरात्रि पर श्री किलेश्वर महादेव को महाप्रसादी का भोग लगाया जाएगा।

**प्रेमचंद कालजयी और विश्व कथाकार हैं - प्रो. शैलेन्द्रकुमार शर्मा**

# बिना लेखकीय विवेक के प्रेमचंद की कहानी को समझना मुश्किल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




भारत की जो ज्ञान प्रज्ञा है, हमारी जो निष्ठाएं हैं या हमारी जो परम्पराएँ हैं, वे कैसे निर्णय लेती हैं, इसके लिए 'ऑपरेशन सिन्दूर' को जानना जरुरी है कि हम आतंकवाद को खत्म करना चाहते हैं, किसी देश को नहीं।

ये विचार प्रेमचंद सृजन पीठ द्वारा साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के तत्वावधान में कालिदास अकादमी में 'प्रेमचंद कथासागर के अनछुए किनारे' और उनकी कहानी 'जिहाद' के संदर्भ में आयोजित व्याख्यान में मुख्य अतिथि प्रख्यात आलोचक और वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. बी. एल. आच्छा (चेन्नई) ने व्यक्त किए। आपने कहा कि हमारी ज्ञान परम्परा सींखचों में बंधी नहीं है। पठन-पाठन के लिए अंततः लेखकीय विवेक ही काम करता है। बिना लेखकीय विवेक के प्रेमचंद की इस कहानी 'जिहाद' को समझना मुश्किल है।

अध्यक्षीय व्याख्यान में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलानुशासक एवं प्रसिद्ध समालोचक प्रो. शैलेन्द्रकुमार शर्मा ने कहा कि प्रेमचंद सही अर्थों में साधारणता में असाधारणता के कथाकार हैं। उनकी दुनिया बहुत व्यापक है। प्रेमचंद सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं लिखते थे। वे कालजयी और विश्व कथाकार हैं। प्रेमचंद को किसी अलंकरण की जरूरत नहीं है क्योंकि वे स्वयं अलंकार हैं। प्रेमचंद अद्वितीय हैं, पूरी दुनिया में प्रेमचंद की कोटि का कोई कथाकार दिखाई नहीं देता जो भारतीय संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्रीयता के उच्चतम मूल्यों को लेकर लेखन करता हो। वे जगाने का कार्य भी करते हैं। प्रेमचन्द की पीड़ा महाकवि कालिदास की पीड़ा है क्योंकि बाहरी हमले हम शताब्दियों से झेलते आ रहे हैं।

प्रमुख वक्ता डॉ. रमेशचन्द्र चतुवेर्दी (गुजरात) ने कहा कि मजहब का अक्ल से, विवेक से कोई वास्ता नहीं होता और धर्मांध होकर वे कुछ भी कर सकते हैं, जबकि हमारी भारतीय संस्कृति का मूल क्षमाशीलता और सहिष्णुता है। डॉ. चतुवेर्दी ने कहा कि यदि यही विपुल साहित्य प्रेमचंद ने अंग्रेजी में लिखा होता तो वे दुनिया भर में पूजे जाते। 'जिहाद' कहानी सिर्फ सम्प्रदायवाद के खिलाफ कहानी नहीं, उसमें हमारी ज्ञान परम्परा भी है।

सारस्वत अतिथि कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गंधे ने कहा कि प्रेमचंद गद्य के उपासक थे। उन्होंने पाठक को केंद्र में रखकर, पाठक को जोड़कर कालजयी साहित्य रचा और उनके साहित्य पर नित नई उद्भावनाएँ जारी हैं। विशिष्ट अतिथि निराला सृजन पीठ, भोपाल की निदेशक डॉ. साधना बलवटे ने कहा कि तथाकथित इतिहासकारों ने भारतीय साहित्य के इतिहास से भारतीयता और संस्कृति को दूर कर दिया। प्रेमचंद प्रगतिशील थे, और प्रगतिशील होना व प्रगतिवादी होना अलग-अलग बातें हैं। 'जिहाद' कहानी के माध्यम से प्रेमचंद ने जो सन्देश दिया, वे परिस्थितियाँ आज भी विद्यमान हैं।

### नव उद्योग में 7 से 8 महिलाओं को भी मिला रोजगार

नीमच। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना युवाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बना रही हैं। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के माध्यम से नीमच के युवा उद्यमी श्री पूरबसिह ने नीमच की कृषि उपज मण्डी चंगेरा के पास में लहसुन प्रसंस्करण ईकाई की स्थापना की हैं। पूरबसिह ने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में वर्ष 24-25 में योजना का लाभ लेकर लहसुन प्रसंस्करण उद्योग प्रारंभ किया हैं। इस उद्योग में लहसुन की कली निकालकर लहसुन की कली की ग्रेडिंग एवं आकर्षण पेकिंग कर अहमदाबाद विक्रय कर रहे हैं। आज उनकी इस यूनिट में 7 से 8 स्थानीय महिलाओं को रोजगार मिल रहा हैं। युवा उद्यमी पूरबसिह नीमच जिले सहित अहमदाबाद व अन्य शहरों में लहसुन कली की पैकिंग कर विक्रय कर अच्छा लाभ कमा रहे हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना के तहत लहसुन प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए पूरबसिह को भारतीय स्टेट बैंक शाखा दशहरा मैदान नीमच से 30 लाख रुपए का ऋण मिला हैं।

# इको क्लब की गतिविधियों का समापन, मिलेट फेस्ट में विद्यार्थियों ने बिखेरे जायके

### एप्को भोपाल और भारत सरकार के सहयोग से दिसंबर से फरवरी तक चलीं पर्यावरण संरक्षण गतिविधियाँ, कार्यशालाओं और प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



उज्जैन। शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के अंतर्गत इको क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को लेकर आयोजित तीन माह (दिसंबर 2025 से फरवरी 2026) के विशाल कार्यक्रम का 11 फरवरी को "मिलेट फेस्ट" के साथ भव्य समापन हुआ। ये सभी आयोजन एप्को भोपाल और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संपन्न हुए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास एवं इको क्लब संयोजक डॉ. मनमीत कौर मक्कड़ के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को कौशल विकास और पर्यावरण संवर्धन का पाठ पढ़ाया गया।

छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से डॉ. जीवन सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन में 18 से 24 दिसंबर तक मशरूम उत्पादन पर सात दिवसीय कार्यशाला हुई। वहीं, डॉ. हर्षद शर्मा के निर्देशन में तीन सप्ताह तक चले वर्मीकम्पोस्ट प्रशिक्षण में 50 विद्यार्थियों ने जैविक खाद बनाने की विधि सीखी। इको क्लब की ओर से प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पेन, लेटर पैड, कैप और बैज प्रदान किए गए।

6 से 9 जनवरी के मध्य पर्यावरण जागरूकता पर आधारित स्लोगन लेखन, क्विज, रंगोली, "गमला सजाओ" और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 12 जनवरी (युवा दिवस) पर डॉ. प्रमिला बघेल के मार्गदर्शन मे सुश्री अर्पिता अंजना द्वारा 60 विद्यार्थियों को योग का विशेष प्रशिक्षण दिया। इसके पूर्व 29 दिसंबर को "वीर बाल दिवस" भी मनाया गया।

### मिलेट फेस्ट: गरीबों का भोजन अब अमीरों की पसंद

कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन 11 फरवरी को भव्य "मिलेट फेस्ट" के साथ हुआ। मुख्य अतिथि स्कूल ऑफ स्टडी में माइक्रो बायोलॉजी एचओडी डॉ. अलका व्यास ने मोटे अनाज (मिलेट्स) के औषधीय और पोषण महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास ने अपने संबोधन में कहा कि "कभी गरीबों का भोजन कहा जाने वाला मोटा अनाज, आज स्वास्थ्य के प्रति जागरूक अमीरों की थाली का मुख्य हिस्सा बन गया है।" मेले में विद्यार्थियों ने घर से बने मिलेट के स्वादिष्ट व्यंजन बेचे।

# जब से यह जीवात्मा सतलोक से नीचे उतारी गई, तब से यह जन्म-मरण के चक्कर में फंस गई - बाबा उमाकान्त जी

### सन्त-सतगुरु जब इस धरती पर आते हैं तब वे जीवों को यहां से निकालते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मध्य प्रदेश परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने दो दिवसीय महाशिवरात्रि कार्यकम में 14 फरवरी 2026 को प्रातः काल के सतसंग में कहा कि जब से यह जीवात्मा इस पराए देश में आई तब से यह बंधती ही चली जा रही है। इसी जीवात्मा की ताकत से यह शरीर चलता है लेकिन यह जीवात्मा एक दिन इस मृत्यु लोक में नहीं थी।

यह इस हाड़ मांस के शरीर में नहीं थी, यह अपने असली घर में थी जिसको सतलोक कहते हैं। वहां पर यह बहुत सुखी थी। वहां सुख ही सुख है, कोई दुःख नहीं है। वहां पर रजोगुण, तमोगुण, सतोगुण; ये त्रिय ताप नहीं है। मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार वहां पर नहीं है।

जब से जीवात्मा सतलोक से नीचे उतारी गई, तब से ये परबस हो गई। यह जीव दूसरे के बस में हो गया। जैसे अगर आप किसी दूसरे देश में जाते हो तो आपको वहां के नियम-कानून के अंतर्गत चलना पड़ता है। ऐसे ही जब काल भगवान जो स्वर्ग, बैकुंठ और मृत्यु लोक के मालिक हैं, इन जीवात्माओं को सतपुरुष से मांग कर के लाए तब से ये काल भगवान के बंधन में आ गई।

इन्होंने इन जीवात्माओं को जन्म-मरण के चक्कर में डाल दिया। जन्म और मरण का बंधन, दोनों ही बड़ा कठिन होता है। जन्मते और मरते समय बहुत तकलीफ होती है। इस मृत्यु लोक में जो जन्म लेता है वह मरता है। एक दिन सबको यह दुनिया संसार छोड़ना पड़ता है। यही कारण है कि जितने भी लोग इस मनुष्य शरीर में आए, चाहे किसी भी स्थान पर रहे हो, चाहे कितने भी धनी-मानी रहे हो, सबको यह मनुष्य शरीर छोड़ कर के जाना पड़ा है। मनुष्य का जब समय पूरा हो जाता है तब शरीर खाली कराने वाले की आवाज आती है। लेकिन वह आवाज उसी को सुनाई पड़ती है जो शरीर छोड़ कर के जा रहा है। सन्त-सतगुरु में उन प्रभु की शक्ति रहती है। सतगुरु जब इस धरती पर आते हैं तब वे जीवों को यहां से निकालते हैं। सन्तों की आवाज में कशिश रहती है, वे जीवों को खींचते हैं। सन्तों की आवाज जब जीवों तक पहुंचती है तब वे समझ जाते हैं कि यह बोली तो हमने अपने देश यानी सतलोक में सुनी थी। तो सन्त जब आवाज लगाते हैं तो जीवात्माएं चौकन्नी हो जाती हैं और जब वे उसको अपने घर की याद दिलाते हैं तब उसको अपने घर की याद आती है।

# बड़े महादेव में लगा मेला,प्राचीन घाटीवाले शिवालय में शिव विवाह का आयोजन

## भोलेनाथ को हल्दी-मेहंदी लगाकर दूल्हा बनाया, आज निकलेगी बारात

ब्रह्मास्त्र ›› टांडा (धार)

टांडा में महाशिव रात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह से शिव मंदिरों भगवान का अभिषेक-दर्शन हेतु श्रद्धालुओं का तांता लगेगा। महाशिव रात्रि पर्व के उपलक्ष्य में इस बार संध्या कालीन आरती ग्रुप के तत्त्वावधान में शिव विवाह का आयोजन भी किया जा रहा है। इस हेतु नगर के गली-मोहल्ले में घर-घर पिले चावल देकर लोगो को आमंत्रित किया गया है। तीन दिवसीय महोत्सव की शुरूआत शुक्रवार को हल्दी लगाकर हुई। शाम सात बजे नरसिंह मन्दिर से चल समारोह निकाला गया।

जिसमे महिलाएं ,पुरुष एव बच्चे पिले वस्त्र पहनकर बाबा को हल्दी लगाने शामिल हुए। चल समारोह नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए घाटीवाले शिवालय पहुचा। जहा बाबा की आरती उतारी गई ततपश्चात शिव भक्तों ने बाबा के समक्ष भजन,स्तुति का गाकर हल्दी एवं पुष्प अर्पित किए। वही शनिवार को माता पार्वती एवं बाबा को मेहंदी अर्पित की जाएगी एवं आज महाशिवरात्रि पर्व पर शिव बराज भी निकाली जाएगी। शाम को शंभु आदेश मित्र मंडल के द्वारा बाबा का मनमोहक श्रंगार किया जाएगा। शिव विवाह आयोजन हेतू प्राचीन घाटी वाले शिवालय को अकर्षक रूप से सजाया गया है। बड़े महादेव मंदिर प्रांगण में लगे झूले,भंडारे में हजारों श्रद्धालु के किए भोजन प्रसादी की व्यवस्था महाशिवरात्रि पर्व पर टांडा के समीप बड़े महादेव मंदिर में विशेष आयोजन किए जाएँगे।

इस उपलक्ष्य में नगर से 2 किलोमीटर दूर पहाड़ी पर विराजित प्राचीन बड़े महादेव मंदिर मेले का आयोजन हो रहा है। पहाड़ी पर झूले तथा दुकाने लग चुकी है। बड़े महादेव समिति गातला-गरडी-जेतगढ़ के द्वारा दुकानों तथा श्रद्धालुओं के लिए सुगम व्यवस्था की गई है। रात के समय रोशनी तथा शीतल जल एवं महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत हजारो श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद स्वरूप भोजन भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। वही शिवरात्रि पर्व के अंतर्गत 17 तारीख को मन्दिर परिसर में परम्परागत तरीके से आसपास के लोग इकट्ठे होकर मांदल बजाकर नाचते झूमते गुलाल उड़ाकर आदिवासी पर्व भगोरिया की शुरूआत हो जाएगी। मालूम हो कि महाशिवरात्रि के बाद से ही भगोरिया पर्व शुरू हो जाता है।



## शासकीय महाविद्यालय में पुरस्कार एवं समापन समारोह सम्पन्न

मंडलेश्वर। शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन सत्र 2025-26 का पुरस्कार एवं समापन समारोह का आयोजन क्षेत्रीय सांसद गजेंद्र सिंह पटेल सांसद खरगोन-बड़वानी के मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्री राजकुमार मेव विधानसभा क्षेत्र महेश्वर के द्वारा प्रारंभ किया गया। किंतु समय अभाव के कारण वही से आशीर्वचन विद्यार्थियों को प्रेषित किये। इसके साथ ही विशेष अतिथि श्री निर्मल चौहान प्रांत सह-मंत्री अ.भा.वि.प. मालवा प्रांत व विभाग संयोजक खरगोन-बड़वानी, रामदास शर्मा अध्यक्ष जन भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर, मनोज पाटीदार एल्युमिनि उपाध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर, जितेंद्र गौड भाजपा मंडल अध्यक्ष करही, सीताराम ठाकुर मंडल उपाध्यक्ष भाजपा, अभिलाष ठाकुर सदस्य आई.क्यू. ए.सी. कोर कमेटी वीरेंद्र माले जनपद उपाध्यक्ष बड़वाह, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.एम.एस. चौहान प्राचार्य द्वारा की गई। कार्यक्रम के संयोजक व स्नेह सम्मेलन प्रभारी प्रो. राजगुरु पाटीदार के मार्गदर्शन में किया गया।

# मुख्यमंत्री के कर-कमलों से 698 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर



खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार माना। नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि बुरहानपुर के इतिहास में आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया हैं। मुख्यमंत्री के कर-कमलों से 698 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब बुरहानपुर विकास की दौड़ में पीछे नहीं, बल्कि अगली कतार में खड़ा है।

**जनता से जुड़े मुख्यमंत्री**

सांसद पाटील ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वे सत्ता में रहते हुए भी जनता से जुड़े मुख्यमंत्री हैं, वे एसी कमरों से नहीं, बल्कि जमीन पर उतरकर फैसले लेने वाले नेता हैं, यही कारण है कि मेरे संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में विकास कार्य नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। सांसद पाटील ने अपने उद्बोधन में कहा कि उनके अनुरोध पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरीऔर मुख्यमंत्री ने सिंधी बस्ती से लोनी (महाराष्ट्र सीमा) तक लगभग 52 करोड़ रुपये तथा शनवारा से लालबाग तक 16 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नवीन सड़कों की सौगात दी है। इससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापार और उद्योग को भी नई गति मिलेगी। सांसद पाटील ने बताया कि बुरहानपुर के शासकीय छत्रपति शिवाजी महाराज महाविद्यालय में बीकॉम, बीएससी,एमए,राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र आदि के विषय नहीं है। आपके नेतृत्व वाली हमारी सरकार ने हमेशा विद्यार्थियों के हित में निर्णय लिया है मेरा अनुरोध है कि यह सौगात महाविद्यालय को दी जाए।

## बुरहानपुर में होगी एग्रीकल्चर बेस्ड रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव- मुख्यमंत्री

**बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का चहुंमुखी विकास ही सरकार का एकमात्र लक्ष्य है। आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में हर नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सबको साथ और विश्वास में लेकर हम ऐसे नये मध्यप्रदेश का निर्माण करेंगे, जहां विकास केवल अवसर नहीं, यहां के हरेक नागरिक का अधिकार होगा।

बुरहानपुर में बनेगा मिनी एयरपोर्ट, शाहपुर को बनाएंगे नगर पालिका



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुरहानपुर में मिनी एयरपोर्ट बनाने की घोषणा की। उन्होंने बुरहानपुर में केला उत्पादक किसानों के हित में वैल्यू एडिशन, भण्डारण एवं प्रसंस्करण के लिए इकाई स्थापित करने, बुरहानपुर में कृषि आधारित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में नगर परिषद शाहपुर को परीक्षण उपरांत नगर पालिका का दर्जा दिया जाएगा। बुरहानपुर में वारकरी समुदाय का कीर्तन केंद्र बनाया जाएगा।

## विनियमित कर्मचारियों का वरिष्ठता सूची के आधार पर किया जाए नियमितीकरण

नेपानगर। नगर पालिका में 10 वर्ष या इससे ज्यादा समय से कार्यरत विनियमित कर्मचारियों को शासन के दिशा-निदेर्शानुसार वरिष्ठता सूची के आधार पर नियमितीकरण किया जाए। इसको लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष सरला काटकर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर मांग की है।उन्होंने सीएमओ को लिखे पत्र में कहा है कि कर्मचारी निकाय में विनियमित होकर 10 वर्ष से अधिक सेवा दे चुके हैं। उन्हें स्थायी किए जाने के लिए शासन द्वारा सभी निकायों को तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को स्थायी करने के निर्देश दिए गए हैं। इस आधार पर नगर पालिका में पदस्थ विनियमित कर्मचारियों को उनकी वरिष्ठता सूची के आधार पर नियमित किया जाए।नगर पालिका उपाध्यक्ष सरला काटकर ने मांग की है कि कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी से विनियमित तथा विनियमित से नियमित किया जाना सुनिश्चित करें। इससे कर्मचारियों को स्थायी पद पर नियुक्ति मिलेगी और उनके सेवा अधिकार सुरक्षित होंगे।

## मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत 33वी किश्त का वितरण किया

आलीराजपुर,। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पंधाना(खंडवा) में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना की प्रदेश की कुल 1.25 करोड़ हितग्राहियों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से कुल 1836 करोड़ रूपए की राशि ट्रांसफर की गई। जिसका लाइव प्रसारण आलीराजपुर में भी कलेक्टोरेट ऑडिटोरियम में लाडली बहनों द्वारा देखा और सुना गया।इस दौरान सहायक संचालक महिला बाल विकास अधिकारी सुश्री अंजली चौधरी, प्रशासक श्रीमती हिमानी राठौड़ सहित महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी और लाडली बहनें उपस्थित रही।

# अच्छी शिक्षा एवं सुविधा उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता-विधायक



## सेहजला में विद्यालय विकास कार्यों एवं मुक्तिधाम के सौदर्यीकरण का विधायक ने किया भूमि पूजन

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा

केंद्र की प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार एवं प्रदेश की मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी की सरकार के द्वारा जहा विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों को सभी प्रकार की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जा रही है। अच्छी शिक्षा के लिए सरकार द्वारा विद्यालयों का निर्माण एवं अतिरिक्त कक्ष के साथ सभी प्रकार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

यह बात ग्राम सहेजला में विद्यालय विकास एवं मुक्तिधाम सौंदरीकरण के भूमि पूजन के अवसर पर कही। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शुक्रवार को खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा ग्राम सहेजला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। विधायक द्वारा विद्यालय में फिजिक्स लैब के लिए 19.66 लाख रुपये, केमेस्ट्री लैब के लिए 20.41 लाख रुपये तथा बायोलॉजी लैब के लिए 19.66 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य स्वीकृत करवाए गए थे जिनका भूमि पूजन किया गया ।प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इसके साथ ही ग्राम सेहजला में मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण हेतु 15 लाख रुपये की राशि से कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक कंचन मुकेश तनवे ने छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों को संबोधित किया।

# महाशिवरात्रि पर मंडलेश्वर के शिवालयों में उमड़ेगी आस्था की धारा

## शिवालयों में भगवान शिवशंकर भोलेनाथ का पूजन पाठ किया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ›› मंडलेश्वर

पावन पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर आज नगर सहित माँ नर्मदा तट स्थित समस्त शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहेगा। जगत पालनकर्ता भगवान शिवशंकर भोलेनाथ के अभिषेक, पूजन एवं पाठ का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। प्रातःकाल से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगेगी।

नगर के प्रमुख मंदिरों– श्री काशी विश्वनाथ महादेव मंदिर, श्री जालेश्वर महादेव मंदिर, श्री कालेश्वर महादेव मंदिर, श्री छत्रगणेश महादेव मंदिर, श्री हरिहरेश्वर महादेव मंदिर, टोकेश्वर महादेव मंदिर, श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, श्री मलशमनेश्वर महादेव मंदिर गंगाझिरा, श्री छप्पनदेव महादेव मंदिर एवं श्री देवझिरी महादेव सहित सभी शिवालयों में विशेष सजावट की गई है।महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रुद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र अर्पण, मंत्रोच्चार एवं रात्रि जागरण के कार्यक्रम आयोजित होंगे। श्रद्धालु दिनभर उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना करेंगे। महिलाओं द्वारा शिवलिंग पर पूजन-अर्चन कर बड़ी बत्ती (दीप) प्रज्जवलित की जाएगी तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। मंदिरों में भक्तों के लिए खिचड़ी प्रसादी एवं फलाहार का वितरण भी किया जाएगा। प्रशासन एवं मंदिर समितियों द्वारा व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। नगर में महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा संपूर्ण क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहेगा।

## मीडिएशन फार द नेशन 2.0 अभियान की विशेष बैठक का आयोजन किया गया

बड़वानी । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, मीडिएशन एण्ड कंसीलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी की बैठक के अनुसार विशेष अखिल भारतीय 2.0 मीडिएशन फार नेशनल अभियान सतत रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान माह जनवरी से मई तक लंबित मामलो के निपटान के लिये मध्यस्थता के माध्यम से न्याय पालिका के सभी स्तरों पर तालुका न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय तक में इस अभ्यान को आयोजित किया जा रहा है।उक्त बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री महेन्द्र कुमार जैन द्वारा बताया गया कि अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निपटान कराना तथा मध्यस्थता को एक उपयोगकर्ता अनुकुल निवारण के रूप में बढ़ावा देना है। जिससे लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण वैकल्पिक विवाद समाधान (मध्यस्थता) के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरण जिला बड़वानी में निराकृत हो सके ऐसे निर्देश उपरोक्त बैठक में जिले के सभी न्यायाधीशगणों को प्रदान किये गये। साथ में दोनों पक्षकारों के मध्य मध्यस्थता के माध्यम से राजीनामा होने पर समय एवं धन की बचत के साथ-साथ आपसी भाई-चारा बना रहेगा।



# बॉम्बे हाईकोर्ट में आदित्य पंचोली की याचिका पर सुनवाई

**2019 रेप एफआईआर रद्द करने की मांग, शिकायतकर्ता को 24 फरवरी को पेश होने का नोटिस**

बॉलीवुड अभिनेता आदित्य पंचोली की ओर से 2019 में दर्ज रेप एफआईआर को रद्द करने की मांग को लेकर दायर याचिका पर गुरुवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह एफआईआर मुंबई के वसोर्वा पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 376 सहित अन्य धाराओं में दर्ज की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक आदित्य पंचोली की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत पाटिल ने कोर्ट में एफआईआर को खारिज करने की मांग दोहराई। मामले में एक महिला बॉलीवुड अभिनेत्री ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें पंचोली को आरोपी बनाया गया है। सुनवाई के दौरान पब्लिक प्रॉसीक्यूटर ने कोर्ट को बताया कि पुलिस की ओर से 11 नोटिस भेजे जाने के बावजूद शिकायतकर्ता जांच में पेश नहीं हुईं। इसके बाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को शिकायतकर्ता को नया नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई यानी 24 फरवरी 2026 को पेश होने का निर्देश दिया है।

**15 साल बाद दर्ज हुई शिकायत:** 27 जून 2019 को दर्ज इस एफआईआर को लेकर विवाद बना हुआ है। पंचोली की ओर से दावा किया गया है कि कथित घटना के करीब 15 साल बाद शिकायत दर्ज कराई गई, जो दुर्भावनापूर्ण है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के भजनलाल फैसले का हवाला देते हुए एफआईआर रद्द करने की मांग की गई है। वकील प्रशांत पाटिल ने यह भी बताया कि कथित घटना से पहले एक व्यक्ति ने आदित्य पंचोली से मुलाकात की थी, जिसकी रिकॉर्डिंग उनके पास है। यह रिकॉर्डिंग कोर्ट में पेश की गई है, जिसमें शिकायत दर्ज कराने के पीछे गलत मंशा होने की बात कही गई है।

# ईशा अंबानी के शाही पन्ना ज्वेलरी लुक ने इंटरनेट पर मचाया तहलका




देश की जानी-मानी उद्योगपति और फैशन आइकन ईशा अंबानी एक बार फिर अपने शाही अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर छा गई हैं। हाल ही में उनके नए लुक की तस्वीरें सामने आते ही इंटरनेट पर चर्चा का माहौल बन गया और लोग उनके स्टाइल और खूबसूरती की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

ईशा अंबानी ने इस खास मौके पर मशहूर डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा तैयार किया गया कस्टम कुट्योर आउटफिट पहना था, जिसे प्रसिद्ध स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने स्टाइल किया। उनका यह परिधान आधुनिक और शाही फैशन का शानदार मिश्रण नजर आया।

ईशा ने बेज लेस और शिफॉन बेस पर तैयार किया गया खूबसूरत ब्लाउज और स्कर्ट सेट पहना था, जिसमें बारीक कढ़ाई, एप्लीक वर्क और हल्के सीक्वेंस का काम किया गया था। ब्लाउज का डिजाइन डीप नेकलाइन और स्लीवलेस कट के साथ तैयार किया गया था, जिसने उनके लुक को ग्लैमरस टच दिया। वहीं मरमेड स्टाइल स्कर्ट उनके व्यक्तित्व को और आकर्षक बना रही थी।

इस आउटफिट के ऊपर उन्होंने क्रीम रंग का सिल्क ट्रेंच कोट कैरी किया, जिसमें अंदर की तरफ रंगीन कढ़ाई और किनारों पर टैसल डिटेलिंग की गई थी। यह कोट उनके पूरे लुक को रॉयल और क्लासी बना रहा था।

हालांकि उनके पूरे लुक का सबसे खास आकर्षण रहा उनका मल्टी-स्ट्रैंड पन्ना और हीरे का नेकलेस, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इसके साथ उन्होंने फ्लोरल डिजाइन वाले पन्ना और डायमंड ईयररिंग्स पहने, जो उनके स्टाइल को और निखार रहे थे।

मेकअप की बात करें तो उन्होंने सॉफ्ट और एलिगेंट लुक अपनाया। हल्का ब्राउन आईशैडो, विंग्ड आईलाइनर, चमकदार हाईलाइटर और ग्लॉसी पिंक लिप्स के साथ उनका लुक बेहद आकर्षक नजर आया। वहीं ट्विस्टेड क्राउन ब्रेड्स और सॉफ्ट वेव्स के साथ हेयरस्टाइल ने उनके पूरे लुक को कंप्लीट किया।

सोशल मीडिया पर उनके इस अंदाज को देखकर यूजर्स लगातार उनकी तारीफ कर रहे हैं और कई लोगों ने उन्हें पहले से ज्यादा यंग और रॉयल बताया है। फैशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि ईशा अंबानी का यह लुक भारतीय हाई फैशन और ज्वेलरी ट्रेंड्स को नया आयाम दे सकता है।



# वैलेंटाइन डे पर 'बैटल ऑफ गलवान' का रोमांटिक सॉन्ग रिलीज

**गाने 'मैं हूं' में दिखी सलमान खान और चित्रांगदा सिंह की लविंग केमिस्ट्री**

वैलेंटाइन डे के मौके पर यानी शुक्रवार को फिल्म बैटल ऑफ गलवान का रोमांटिक सॉन्ग मैं हूं रिलीज किया गया। यह गाना सलमान खान और चित्रांगदा सिंह पर फिल्माया गया है, जिसमें दोनों की लविंग केमिस्ट्री नजर आ रही है। गाने को सलमान खान फिल्म्स ने अपने आधिकारिक प्लेटफॉर्म्स पर जारी किया।

बता दें कि इससे पहले मातृभूमि गाना रिलीज हुआ था, जिसे 50 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। अब मेकर्स ने 14 फरवरी को स्पेशल ट्रैक मैं हूं रिलीज किया है। गाना एक फौजी और उसके परिवार के रिश्ते की भावनात्मक कहानी को दर्शाता है।

**दोनों ही इमोशंस को बैलेंस्ड तरीके से दिखाया गया-** मेकर्स ने गाने को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए इसकी ऑफिशियल लिंक भी जारी की है। ट्रैक में फैमिली के साथ बिताए खुशनुमा पलों से लेकर ड्यूटी की वजह से होने वाली जुदाई तक की इमोशनल जर्नी दिखाई गई है। गाने में खुशी और तड़प, दोनों ही इमोशंस को बैलेंस्ड तरीके से दिखाया गया है। वीडियो में सलमान खान फैमिली के साथ खुशहाल लम्हों को एंजॉय करते नजर आते हैं, वहीं कुछ सीन में दूरी और इंतजार की फीलिंग भी दिखाई देती है। चित्रांगदा सिंह ने अपने रोल को ग्रेस और सटल स्ट्रेंथ के साथ निभाया है। दोनों की केमिस्ट्री मैच्योर, नेचुरल और रियल लगती है।

**अयान लाल ने गाने को कंपोज किया-** फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर और कंपोजर अयान लाल ने इस गाने को कंपोज किया है। ट्रैक को उन्होंने श्रेया घोषाल के साथ अपनी आवाज भी दी है। इसके लिरिक्स अयान लाल और शब्बीर अहमद ने लिखे हैं। फिल्म का प्रोडक्शन सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले सलमा खान ने किया है। वहीं, इसका डायरेक्शन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं।

# नागिन 7 में इच्छाधारी ड्रैगन की एंट्री पर भड़के दर्शक, कहानी पर उठे गंभीर सवाल




टीवी की चर्चित सुपरनैचुरल फैंटेसी सीरियल नागिन 7 एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है, लेकिन इस बार वजह शो की लोकप्रियता नहीं बल्कि इसकी कहानी में किया गया नया प्रयोग है। निर्माता एकता कपूर द्वारा शो में इच्छाधारी ड्रैगन का नया ट्विस्ट लाया गया है, जिसने दर्शकों को चौंकाने के साथ-साथ नाराज भी कर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर दर्शक इस नए कॉन्सेप्ट को लेकर जमकर आलोचना कर रहे हैं और शो की कहानी की तार्किकता पर सवाल उठा रहे हैं।

नागिन फ्रेंचाइजी लंबे समय से भारतीय टेलीविजन का लोकप्रिय सुपरनैचुरल शो रहा है, जहां इच्छाधारी नाग-नागिन की कहानी दर्शकों को आकर्षित करती रही है। लेकिन सातवें सीजन में इच्छाधारी ड्रैगन की एंट्री ने कहानी को नया मोड़ दे दिया है। इस किरदार को अभिनेत्री कनिका मान निभा रही हैं, जिन्हें शो में मुख्य विलेन के रूप में पेश किया गया है। शो के प्रोमो रिलीज होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर दर्शकों की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं।

रेडिट समेत कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दर्शकों ने इस ट्विस्ट को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। कई यूजर्स ने इसे कहानी से भटकाने वाला कदम बताया है। एक यूजर ने टिप्पणी करते हुए लिखा कि एकता कपूर के शो में कोई भी जानवर सामान्य नहीं रह सकता और अब ड्रैगन को भी इच्छाधारी बना दिया गया है, जो कहानी की समझ से परे है। वहीं दूसरे यूजर ने व्यंग्य करते हुए लिखा कि ऐसा लग रहा है जैसे शो में इच्छाधारी जानवरों का कलेक्शन किया जा रहा हो।

कुछ दर्शकों ने सवाल उठाया कि नागिन की दुनिया में ड्रैगन का क्या औचित्य है। उनका कहना है कि इच्छाधारी नाग की कहानी तक तो दर्शक जुड़ाव महसूस करते थे, लेकिन ड्रैगन जैसे काल्पनिक जीव को शामिल करना कहानी की विश्वसनीयता को कमजोर करता है। कई दर्शकों ने इसे केवल ट्रोल और मीम्स के लिए किया गया प्रयोग भी बताया है।

हालांकि शो के निर्माताओं ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि नागिन 7 की कहानी नागिन और ड्रैगन के बीच संघर्ष पर आधारित होगी। घोषणा वीडियो में दोनों के बीच जबरदस्त टकराव दिखाया गया था, जिसने शुरुआत में दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी थी। लेकिन जब ड्रैगन के इच्छाधारी रूप को दिखाया गया, तो दर्शकों की उम्मीदें निराशा में बदलती नजर आईं।

नागिन भारतीय टेलीविजन का सबसे सफल सुपरनैचुरल शो माना जाता है। इस फ्रेंचाइजी की शुरुआत मौनी रॉय ने की थी और पहले दो सीजन में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद तीसरे सीजन में सुरभि ज्योति और अनीता हसनंदानी नजर आईं। चौथे सीजन में निया शर्मा और जैस्मिन भसीन, पांचवें में सुरभि चंदना और छठे सीजन में तेजस्वी प्रकाश ने मुख्य भूमिका निभाई थी। हर सीजन में शो ने दर्शकों के बीच अच्छी लोकप्रियता हासिल की है।



नागिन 7 में प्रियंका चाहर चौधरी और नामिक पॉल मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। इसके अलावा एलिस कौशिक, बीना बनर्जी, विभूति ठाकुर और साहिल उप्पल जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई दे रहे हैं। शो की कहानी एक ऐसी इच्छाधारी नागिन की है जो अपने परिवार की मौत का बदला लेने के साथ-साथ दुनिया को बचाने की जिम्मेदारी निभा रही है। टीआरपी के मामले में नागिन 7 अभी भी मजबूत स्थिति में बताया जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार शो को 2.4 की रेटिंग मिली है, जिससे यह कई लोकप्रिय धारावाहिकों को पीछे छोड़ चुका है। बावजूद इसके, कहानी में किए जा रहे नए प्रयोग दर्शकों के बीच चर्चा और विवाद दोनों पैदा कर रहे हैं।

मनोरंजन विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक किसी फ्रेंचाइजी को बनाए रखने के लिए नए प्रयोग जरूरी होते हैं, लेकिन यह भी जरूरी है कि प्रयोग कहानी की मूल भावना और दर्शकों की अपेक्षाओं के अनुरूप हों। यदि कहानी अत्यधिक काल्पनिक और असंतुलित हो जाती है तो दर्शकों का जुड़ाव कमजोर हो सकता है। फिलहाल नागिन 7 का इच्छाधारी ड्रैगन ट्विस्ट चर्चा का विषय बना हुआ है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले एपिसोड्स में शो की कहानी किस दिशा में आगे बढ़ती है और क्या यह नया प्रयोग दर्शकों को दोबारा आकर्षित कर पाता है या नहीं।

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के मुकाबले से पहले शनिवार को कोलंबो में प्रेस कॉन्फ्रेंस

# पाक कप्तान बोले-हैंडशेक न करने का जवाब मैच में देंगे, सूर्या ने कहा- 24 घंटे बाद देखेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के मुकाबले से पहले शनिवार को कोलंबो में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने हैंडशेक विवाद पर कहा- इसका जवाब हम कल मैदान पर देंगे। इसके बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से भी हैंडशेक को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर वे बोले- 24 घंटे इंतजार कीजिए, तब देखेंगे।

दरअसल पिछले साल हुए एशिया कप 2025 में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव समेत सभी प्लेयर्स ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। सूर्यकुमार ने कहा था कि उनकी टीम पाकिस्तान से हाथ नहीं मिलाएगी। यह फैसला पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए भारतीय नागरिकों के सम्मान में लिया गया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के समर्थन के तौर पर भी देखा गया था। दोनों टीमों के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला रविवार को कोलंबो में खेला जाएगा।



- **आगा की प्रेस कॉन्फ्रेंस की 5 बड़ी बातें-** मैच अच्छे जज्बे में खेला जाना चाहिए, आगा से भारत-पाक मैच के माहौल और राजनीति से अलग खेल भावना पर सवाल हुआ। उन्होंने कहा, मैच अच्छे जज्बे में खेला जाना चाहिए। मेरा मानना मायने नहीं रखता। खेल जैसे शुरू से खेला जाता रहा है, वैसे ही होना चाहिए।
- **'इतिहास नहीं बदल सकते'-** आगा ने माना कि वर्ल्ड कप में पाकिस्तान का रिकॉर्ड भारत के खिलाफ अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने कहा, इतिहास नहीं बदल सकते। रिकॉर्ड अच्छा नहीं है, लेकिन इस बार बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेंगे।
- **बाबर की फॉर्म पर भरोसा-** पाकिस्तान कप्तान ने बाबर आजम की फॉर्म को लेकर चिंता से इनकार किया। उन्होंने कहा, बाबर हमारे लिए चिंता का विषय नहीं हैं। वे रन बना रहे हैं। उम्मीद है कल भी टीम की मदद करेंगे। हम बल्लेबाजी क्रम में ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहते।
- **उस्मान का एक्शन दो बार कउउ से क्लियर बताया-** मिस्ट्री स्पिनर उस्मान तारिक के एक्शन पर उठे सवालों पर आगा ने कहा कि उन्हें कउउ दो बार क्लियर कर चुकी है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता उनके एक्शन पर बात क्यों हो रही है। वे इन बातों पर ध्यान नहीं देते। हमारे लिए हर खिलाड़ी बराबर है।
- **बेस्ट इंडियन साइड के साथ खेलना चाहते हैं-** भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा की फिटनेस पर भी सवाल हुआ। वे पेट की दिक्कत के कारण पिछले मैच में नहीं खेले थे। आगा ने कहा, उम्मीद है अभिषेक कल खेलें। हम सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ खेलना चाहते हैं।
- **सूर्या का जवाब- पाकिस्तान कप्तान चाहते हैं तो हम अभिषेक को खिलाएंगे-** सूर्यकुमार ने कहा कि ओपनर अभिषेक शर्मा पाकिस्तान के खिलाफ खेलेंगे। उन्होंने हल्के अंदाज में कहा कि अगर पाकिस्तान कप्तान चाहते हैं तो हम अभिषेक को खिलाएंगे।

## हरभजन की सलाहः टीम इंडिया को उस्मान तारिक से सावधान रहना होगा

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले हाई-वोल्टेज मैच से पहले पूर्व क्रिकेटरों ने टीम इंडिया की जीत का भरोसा जताया है। दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि भारतीय टीम पाकिस्तान को हराने में सक्षम है, हालांकि उन्होंने भारतीय बल्लेबाजों को पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक से सावधान रहने की सलाह भी दी है। वहीं, पूर्व विकेटकीपर नयन मोंगिया ने कहा कि भारतीय युवा अब निडर होकर खेलते हैं और पाकिस्तान पर लगातार हार का मनोवैज्ञानिक दबाव रहेगा।

हरभजन सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत की टीम मजबूत और संतुलित है, लेकिन मैच के दौरान धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखना जरूरी होगा। उन्होंने कहा,'भारत यह मैच जीतेगा। पाकिस्तान के पास उस्मान तारिक जैसा अच्छा स्पिनर है, इसलिए उसे संभलकर खेलना होगा। भारतीय टीम बहुत अच्छी है। हमें उम्मीद है कि खिलाड़ी बिना दबाव के अपना स्वाभाविक खेल दिखाएं और जीत हासिल करें।'

उस्मान तारिक की शानदार फॉर्म, एक्शन पर विवाद पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक हाल के टी-20 मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कम औसत से कई विकेट लिए हैं और विरोधी बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं।

# ईशान किशन को इंपैक्ट प्लेयर का अवॉर्ड



## नामीबिया के खिलाफ 24 गेंद में बनाए 61 रन पावरप्ले में भारत का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जोहान्सबर्ग

विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को भारत-नामीबिया मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए टीम इंडिया के इंपैक्ट प्लेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। गुरुवार को दिल्ली में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच में ईशान ने सिर्फ 24 गेंदों पर 61 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी इस पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इस विस्फोटक शुरूआत की बदौलत भारत ने 200 से ज्यादा का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

पावरप्ले में भारत का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर ईशान ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में जेजे स्मिट के एक ओवर से 28 रन बटोरे। पहली गेंद डॉट रहने के बाद उन्होंने अगली पांच गेंदों पर चार छक्के और एक चौका जड़ा। भारत ने पहले 6 ओवर में 1 विकेट पर 86 रन बनाए, जो टी-20 इंटरनेशनल में भारत का तीसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इससे पहले फरवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में भारत ने 95/1 और हाल ही में गुवाहाटी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 94/2 का स्कोर बनाया था। 20 गेंदों में अर्धशतक ईशान किशन ने 20 गेंदों में फिफ्टी पूरी की, जो टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए संयुक्त रूप से पांचवीं सबसे तेज अर्धशतक है। इस सूची में शीर्ष पर युवराज सिंह की 12 गेंदों की ऐतिहासिक पारी है। उन्होंने पावरप्ले के भीतर ही अपना अर्धशतक पूरा कर लिया और ऐसा करने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए।

## साउथ अफ्रीका की लगातार तीसरी जीत, न्यूजीलैंड की पहली हार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुलावायो

साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने शनिवार के तीसरे मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया। इस जीत से टीम ग्रुप डी की पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर आ गई है। जबकि न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर है।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। अफ्रीकी टीम ने 176 रन का टारगेट 17.1 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया। डेविड मिलर ने सिक्स लगाकर टीम को जीत दिलाई। मार्को यानसन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

कप्तान मार्करम ने नाबाद 86 रनों की पारी खेली ऐडन मार्करम ने नाबाद 86 रनों की पारी खेली। उन्होंने 44 बॉल की पारी में 8 चौके और 4 छक्के लगाए। मिलर ने नाबाद 24 रन बनाए। डेवाल्ड ब्रेविस ने 21, रायन रिकेल्टन ने 21 और क्विंटन डी कॉक ने 20 रन का योगदान दिया। कीवियों की ओर से कोई फिफ्टी नहीं लगा सका कीवियों की ओर से मार्क चापमन ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाए। डेरिल मिचेल ने 32 और फिन एलन ने 31 रन का योगदान दिया।

महिला कारीगर की आवश्यकता है
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
**समय** :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
**वेतन**:- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280



भारतीय पासपोर्ट में मामूली मजबूती

## दुनिया में पांच स्थान सुधरकर 75वें नंबर पर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2026 में भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग सुधरकर 75वीं हो गई है। जानिए कौन सा देश पहले नंबर पर है और अमेरिका व ब्रिटेन का क्या स्थान है। विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों के लिए अच्छी खबर है। भारतीय पासपोर्ट की ताकत में इजाफा हुआ है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की फरवरी 2026 की ताजा रैंकिंग में भारतीय पासपोर्ट ने लंबी छलांग लगाई है और यह दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की सूची में 75वें स्थान पर पहुंच गया है।

**पांच पायदान का सुधार** – साल 2026 की शुरूआत में भारतीय पासपोर्ट 80वें स्थान पर था। अब इसमें 5 पायदान का सुधार हुआ है और यह 75वें नंबर पर आ गया है। यह रैंकिंग इस आधार पर तय होती है कि किसी देश के पासपोर्ट धारक को कितने देशों में बिना वीजा या वीजा ऑन अराइवल के यात्रा करने की छूट है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय पासपोर्ट की स्थिति धीरे-धीरे मजबूत हुई है। सिंगापुर का पासपोर्ट सबसे शक्तिशाली दुनिया भर में एशियाई देशों के पासपोर्ट का दबदबा कायम है।

**पहला:** सिंगापुर इस लिस्ट में सबसे ऊपर है। सिंगापुर के नागरिक बिना वीजा के 192 देशों की यात्रा कर सकते हैं।

**दूसरा:** जापान और दक्षिण कोरिया संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जिन्हें 187 देशों में वीजा-फ्री एंट्री मिलती है।

**अमेरिका और ब्रिटेन पिछड़े** – एक समय में इस रैंकिंग पर राज करने वाले अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पश्चिमी देश अब नीचे खिसक गए हैं। अमेरिका अब 10वें स्थान पर पहुंच गया है। अमेरिकी नागरिकों को अब सिंगापुर के मुकाबले 37 कम देशों में आसान आसान प्रवेश मिलता है। वहीं, ब्रिटेन सातवें नंबर पर है।

अब बैंक कर्मचारी अपना 'टारगेट' पूरा करने के लिए आपको गलत उत्पाद नहीं बेच पाएंगे

# लोन के साथ बीमा खरीदने का दबाव तो नहीं बना रहा आपका बैंक

## आरबीआई का यह अपडेट जान लीजिए, मिल सकता है हर्जाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अब बैंक कर्मचारी अपना 'टारगेट' पूरा करने के लिए आपको गलत उत्पाद नहीं बेच पाएंगे। रिजर्व बैंक ने मिस-सेलिंग रोकने के लिए कड़े ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं। जानिये रिफंड, बंडलिंग और इंसेंटिव पर क्या है नया प्रस्ताव।

क्या आप भी बैंकों के लगातार आने वाले अनचाहे कॉल्स या लोन लेते समय जबरन चिपकाए गए बीमा उत्पादों से परेशान हैं? अगर हां, तो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आपके लिए बड़ी राहत लेकर आया है। केंद्रीय बैंक ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों में 'मिस-सेलिंग' (गलत तरीके से उत्पाद बेचना) की संस्कृति को खत्म करने के लिए बुधवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया है।

आरबीआई ने वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के विज्ञापन, मार्केटिंग और बिक्री के लिए नए मसौदा निर्देश जारी किए हैं। इसमें साफ प्रस्ताव दिया गया है कि बैंकों को ऐसी किसी भी प्रोत्साहन संरचना से बचना चाहिए, जो कर्मचारियों को ग्राहकों को गलत उत्पाद बेचने के लिए प्रेरित करती हो।

### अब नहीं चलेगी 'लोन के साथ बीमा' जैसी बंडलिंग

ग्राहकों की सबसे बड़ी शिकायत 'बंडलिंग' को लेकर होती है, जहां बैंक लोन के साथ जबरदस्ती कोई अन्य प्रोडक्ट बेच देते हैं। आरबीआई के प्रस्ताव के मुताबिक, बैंकों को किसी भी थर्ड-पार्टी प्रोडक्ट या सर्विस को अपने खुद के प्रोडक्ट के साथ बंडल करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। केंद्रीय बैंक ने जोर देकर कहा है कि ग्राहक को विभिन्न कंपनियों के विकल्पों में से अपनी पसंद का प्रोडक्ट चुनने का अधिकार दिया जाना चाहिए।




### इंसेंटिव और 'पुश' सेल पर लगेगा पूर्ण विराम

- नए ड्राफ्ट में आरबीआई ने बैंकों के लिए लक्ष्मण रेखा खींच दी है। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट कहा है कि बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी नीतियां और प्रथाएं न तो मिस-सेलिंग के लिए प्रोत्साहन पैदा करें और न ही कर्मचारियों या डायरेक्ट सेल्स एजेंटों (डीएसए) को उत्पादों की बिक्री को 'पुश' करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- अक्सर देखा जाता है कि बैंक कर्मचारियों के बीच ज्यादा प्रोडक्ट बेचने की होड़ लगी होती है। आरबीआई ने इस पर नकेल कसते हुए कहा है कि बिजनेस यूनिट्स के बीच बिक्री के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित करना या 'टारगेटेड सेलिंग' के लिए विशिष्ट दिन तय करना जैसी प्रथाएं बंद होनी चाहिए। इसके अलावा, ड्राफ्ट में यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि थर्ड-पार्टी प्रोडक्ट्स (जैसे म्यूचुअल फंड या बीमा) बेचने वाले कर्मचारियों को उस तीसरी पार्टी से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई इंसेंटिव नहीं मिलना चाहिए।

### गलती साबित हुई तो पूरा पैसा होगा वापस

इस ड्राफ्ट का सबसे कड़ा पहलू जवाबदेही तय करना है। आरबीआई ने प्रस्ताव दिया है कि जिन मामलों में मिस-सेलिंग साबित हो जाएगी, वहां बैंकों को उत्पाद या सेवा की खरीद के लिए ग्राहक द्वारा भुगतान की गई पूरी राशि वापस करनी होगी। इतना ही नहीं, बैंक को एक स्वीकृत पॉलिसी के तहत मिस-सेलिंग के कारण हुए किसी भी नुकसान के लिए ग्राहक को हर्जाना भी देना होगा।

### कॉल करने के समय और 'डार्क पैटर्न' पर सख्ती




- डिजिटल बैंकिंग के दौर में ग्राहकों को भ्रमित करने वाली तकनीकों पर भी आरबीआई की नजर है:
- **सहमति जरूरी:** बैंक ग्राहकों को कॉल तभी कर सकेंगे जब उन्होंने इसकी सहमति दी हो।
- **समय सीमा:** प्रमोशनल कॉल्स केवल ऑफिस के कामकाज के घंटों के दौरान ही किए जा सकेंगे।
- **डार्क पैटर्न:** आरबीआई ने बैंकों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उनके यूजर इंटरफेस (ऐप या वेबसाइट) में किसी भी तरह के 'डार्क पैटर्न' का इस्तेमाल न हो। ड्राफ्ट में ऐसे लगभग एक दर्जन मामलों को सूचीबद्ध किया गया है जिनसे बैंकों को बचना चाहिए।

### आम लोगों से 4 मार्च तक मांगी गई राय

- उल्लेखनीय है कि आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने पहले ही इस तरह के विनियमों को लाने के व्यापक इरादे की घोषणा की थी, जिसके बाद यह ड्राफ्ट जारी किया गया है। आम जनता और हितधारकों को इस मसौदे पर अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए 4 मार्च तक का समय दिया गया है।
- आरबीआई का यह कदम बैंकिंग सेक्टर में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। अगर ये प्रस्ताव लागू होते हैं, तो ग्राहकों को न केवल अनचाहे उत्पादों से मुक्ति मिलेगी, बल्कि बैंकों की जवाबदेही भी तय होगी। अब गेंद बैंकों के पाले में है कि वे अपनी कार्यप्रणाली को कैसे सुधारते हैं।

अमेरिका के सिएटल में पुलिस की गाड़ी से कुचलकर मारी गई भारतीय छात्रा

# जाह्नवी कंडुला के परिवार को मिलेंगे 262 करोड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका के सिएटल में पुलिस की गाड़ी से कुचलकर मारी गई भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला के परिवार को 262 करोड़ रुपये का मुआवजा मिलेगा। जानें क्या था पूरा मामला और पुलिस अधिकारी की टिप्पणी जिसने खड़ा किया था विवाद।

अमेरिका के सिएटल शहर में भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की दर्दनाक मौत के मामले में प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है। सिएटल शहर प्रशासन जाह्नवी के परिवार को मुआवजे के तौर पर 2.9 करोड़ डॉलर (करीब 262 करोड़ रुपये) देने पर सहमत हो गया है। 23 वर्षीय जाह्नवी की पिछले साल एक तेज रफ्तार पुलिस गश्ती वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी, जिसके बाद भारत समेत पूरी दुनिया में भारी आक्रोश देखा गया था।

**119 किमी की रफ्तार से दौड़ रही थी पुलिस की गाड़ी** – यह हादसा 23 जनवरी 2023 को हुआ था। आंध्र प्रदेश की रहने वाली जाह्नवी कंडुला नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी (सिएटल कैंपस) में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रही थीं। वह सड़क पार कर रही थीं जब पुलिस अधिकारी केविन डेव ने उन्हें टक्कर मार दी। रिपोर्ट के मुताबिक, जिस इलाके में गति सीमा 40 किमी प्रति घंटा (25 स्त्रँ) थी, वहां केविन डेव अपनी गाड़ी 119 किमी प्रति घंटा (74 एमपीएस) की रफ्तार से चला रहे थे। बताया गया कि वह 'ड्रग ओवरडोज' की एक कॉल पर जा रहे थे।






**समझौते से क्या बोले अधिकारी-** सिएटल की सिटी अटॉर्नी एरिका इवांस ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि जाह्नवी की मौत दिल दहलाने वाली थी। उन्होंने कहा, जाह्नवी कंडुला का जीवन मायने रखता था। यह उनके परिवार, दोस्तों और हमारे समुदाय के लिए महत्वपूर्ण था। प्रशासन को उम्मीद है कि इस वित्तीय समझौते से परिवार को थोड़ी राहत मिलेगी। बताया गया है कि समझौते की राशि में से 2 करोड़ डॉलर का भुगतान शहर की बीमा कंपनी की ओर से किया जाएगा।

**पुलिस अधिकारी के भद्दे मजाक पर भड़का था गुस्सा** - जाह्नवी की मौत के बाद मामला तब और गरमा गया जब एक अन्य पुलिस अधिकारी, डैनियल ऑडरर का बॉडीकैम फुटेज सामने आया। इस वीडियो में ऑडरर को हंसते हुए और यह कहते हुए सुना गया कि जाह्नवी की जान की सीमित कीमत थी और शहर को बस एक चेक लिख देना चाहिए। इस असंवेदनशील टिप्पणी के सामने आने के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। भारतीय राजनयिकों ने भी मामले की जांच की मांग की थी। बाद में ऑडरर को नौकरी से निकाल दिया गया था, हालांकि उन्होंने अपनी बर्खास्तगी के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

**आरोपी पुलिसकर्मी पर नहीं चला आपराधिक मुकदमा-** गंभीर लापरवाही के बावजूद, गाड़ी चलाने वाले अधिकारी केविन डेव पर कोई आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया गया। किंग काउंटी के अभियोजकों का कहना था कि वे यह साबित नहीं कर पाए कि डेव ने जानबूझकर सुरक्षा की अनदेखी की थी। डेव को केवल लापरवाही से गाड़ी चलाने के लिए 5,000 डॉलर (करीब 4 लाख रुपये) का जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया।

माल्या को हाईकोर्ट ने चेताया

# भारत नहीं लौटे तो भगोड़ा होने के ठप्पे के खिलाफ सुनवाई नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बॉम्बे हाई कोर्ट ने विजय माल्या को स्पष्ट किया है कि जब तक वह भारत वापस नहीं लौटते, तब तक उनकी उस याचिका पर सुनवाई नहीं होगी। इस याचिका में उन्होंने भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के प्रावधानों को चुनौती दी है। आइए विस्तार से जानते हैं।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कारोबारी विजय माल्या को कड़ी चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा कि जब तक माल्या भारत वापस नहीं लौटते, तब तक अदालत उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं करेगी। इस याचिका में उन्होंने भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के प्रावधानों को चुनौती दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति खुद को न्यायिक प्रक्रिया से दूर रखे हुए है, उसे अदालत से राहत की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने कहा कि माल्या को पहले यह स्पष्ट करना होगा कि वह भारत लौटेंगे या नहीं। कोर्ट ने कहा कि आपको (माल्या) वापस आना होगा...अगर आप वापस नहीं आ सकते तो हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकते।

2016 से ब्रिटेन में रह रहे माल्या ने उच्च न्यायालय में दो याचिकाएं दायर की हैं, एक में उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश को चुनौती दी गई है और दूसरी में 2018 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया गया है। पीठ ने याचिका पर आगे की सुनवाई के लिए 18 फरवरी की तारीख तय करते हुए कहा कि वह माल्या को यह स्पष्ट करने का एक और अवसर दे रही है कि क्या वह भारत लौटने के लिए तैयार है। अदालत ने कहा कि हमें यह दर्ज करना पड़ सकता है कि आप अदालत की प्रक्रिया से बच रहे हैं। आप कार्यवाही का लाभ नहीं उठा सकते। आपके साथ निष्पक्षता बरतते हुए, हम याचिका खारिज नहीं कर रहे हैं बल्कि आपको एक और अवसर दे रहे हैं।

### 2030 के बाद होगी डिलीवरी, असम में डिब्रूगढ़ के मोरन बाईपास पर शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर राफेल ने भरी उड़ान

# भारत को मिलने वाले 114 में से 24 होंगे सुपर-राफेल एफ-5 होगा नाम, अभी वायुसेना के पास एफ-3

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

फ्रांस के साथ भारत 114 राफेल लड़ाकू विमानों का सौदा 3.25 लाख करोड़ रुपए में करने जा रहा है। 17 फरवरी से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की तीन दिन की भारत यात्रा शुरू हो रही है। इसी दौरान इस डील पर मुहर लगेगी। इन 114 में से 24 विमान सुपर राफेल होंगे, जिन्हें फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी दसॉ एविएशन एफ-5 नाम से बना रही है।

अभी वायुसेना के पास एफ-3 राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान हैं। इनमें स्टेल्थ क्षमता और परमाणु हथियार दागने की शक्ति है। लेकिन, नए विमान एफ-4 पीढ़ी के हैं। इसलिए इन्हें 5वीं जेनरेशन का कहा जा रहा है। यूरोपीय मानकों के हिसाब से एफ-5 राफेल असल में छठी पीढ़ी के जेट होंगे। फ्रांस के बाद इस तरह के सबसे बेहतर विमान भारतीय वायुसेना के पास होंगे। एफ-5 अभी विकास के चरण में हैं। एफ-4 की आपूर्ति 2028-29 से शुरू होगी। 2030 के बाद जो भी विमान मिलेंगे, वो एफ-5 श्रेणी के सुपर राफेल होंगे।



### राफेल के F3, F4 और F5 में अंतर जानें



**F3 वर्जन**

- राफेल का पुराना लेकिन पूरी तरह ऑपरेशनल वर्जन
- एयर-टू-एयर और एयर-टू-ग्राउंड हमले में सक्षम
- न्यूक्लियर मिशन भी कर सकता है (फ्रांस के लिए)
- AESA रडार और आधुनिक मिसाइल सपोर्ट
- भारत को जो राफेल मिले हैं, वे F3 पर आधारित कस्टम वर्जन (F3-R)

**F4 वर्जन**

- F3 का अपग्रेडेड वर्जन
- ज्यादा एडवांस रडार और सेंसर
- दुश्मन के रडार और मिसाइल से बेहतर सुरक्षा
- दूसरे फाइटर जेट और ड्रोन से सीधा डेटा शेयर करने में सक्षम
- स्मार्ट मेंटेनेंस सिस्टम, ऑपरेशन के लिए कम समय में तैयार हो सकेगा

**F5 वर्जन**

- अभी डेवलपमेंट फेज में
- नई पीढ़ी की मिसाइलें और बेहतर स्टेल्थ क्षमता
- AI और ड्रोन (loyal wingman) के साथ काम करने की क्षमता
- भविष्य के इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम के लिए तैयार किए जाएंगे
- रेडिएशन का मुकाबला करने की शक्ति होगी
- स्पीड हाइपरसोनिक यानी ध्वनि की गति से 6-7 गुना ज्यादा होगी

### एफ- 35 और सुखोई-57 से बेहतर होंगे सुपर राफेल

वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सुपर राफेल अमेरिका के एफ-35 और रूस के सुखोई-57 से अगली पीढ़ी का फाइटर होगा। इस सौदे के तहत 88 राफेल ?सिंगल सीटर और 26 डबल सीटर होंगे, जिन्हें प्रशिक्षण और लड़ाकू दोनों भूमिका में इस्तेमाल किया जा सकेगा। दसॉ एविएशन से 18 विमान उड़ने के लिए तैयार स्थिति में मिलेंगे। बाकी 96 भारत में बनेंगे। इनके 60% कलपुर्जे स्वदेशी होंगे। भारत का यह सबसे बड़ा रक्षा सौदा है। अब यह प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (उउर) के पास भेजा जाएगा। प्रस्ताव को 16 जनवरी को रक्षा खरीद बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नए राफेल विमानों की खरीद से एयर डिफेंस और बॉर्डर एरिया में तैनाती की क्षमता मजबूत होगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी ने नेवी के लिए 6 अमेरिकी बोइंग ढ8-क सर्विलांस एयरक्राफ्ट, कॉम्बैट मिसाइलों और एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रपोजल को भी मंजूरी दी है।

### सेना एंटी टैंक माइंस, नौसेना टोही विमान खरीदेगी

वायुसेना के लिए कॉम्बैट मिसाइल, एयर-शिप आधारित हाई एल्टीट्यूड सूडो सैटेलाइट खरीदेंगे। सेना के लिए एंटी-टैंक माइंस (विभव), आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल, टी-72 टैंक तथा इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल के वाहन प्लेटफॉर्म के ओवरहॉल को मंजूरी। नौसेना के लिए 4 मेगावाट मरीन गैस टर्बाइन आधारित इलेक्ट्रिक पावर जनरेटर, पी8आई लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान की खरीद को मंजूरी। भारतीय तटरक्षक बल के लिए डोर्नियर विमानों के लिए इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल/इन्फ्रारेड प्रणाली की खरीद को भी मंजूरी प्रदान की गई। इससे तटरक्षक बल की समुद्री निगरानी क्षमता की प्रभावशीलता बढ़ेगी। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बलके लिए आठ डोर्नियर 228 विमान खरीदने हेतु हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 2,312 करोड़ रुपये का समझौता किया है। यह समझौता गुरुवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हुआ। यह खरीद बाय (इंडियन) श्रेणी के तहत की गई है। इन विमानों में ऑपरेशनल उपकरण लगे होंगे, जिससे तटरक्षक बल की क्षमता और समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी।

### यूपी-राजस्थान में कल से बारिश की संभावना; मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में पारा 30 डिग्री के पार

# उत्तराखंड में 3 शहरों का तापमान -20 डिग्री से नीचे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश के हिमालयी इलाकों में 16 फरवरी तक दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हैं। 17 फरवरी से हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। वहीं मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में दिन का तापमान 30त्ऊ पार हो चुका है। राजस्थान के कई जिलों में तापमान 35 त्ऊ पर पहुंच गया है।

तमिलनाडु के तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेन्नई, कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ और उडुपी, महाराष्ट्र के रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग में घना कोहरा छाया हुआ है। मध्य प्रदेश के कई शहरों में दिन का तापमान बढ़ गया है। राज्य में कल से मौसम बदल सकता है। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में पारा 30त्ऊ के पार हो चुका है। छत्तीसगढ़ में औसतन तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। राजस्थान के जयपुर, बीकानेर संभाग जिलों में 17 -18 फरवरी को बारिश हो सकती है। दिल्ली का अदक खराब स्तर पर पहुंच गया है। ठउफ में औसतन तापमान 11त्ऊ दर्ज किया गया।

उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड का असर दिख रहा है। प्रदेश के कई शहरों का न्यूनतम तापमान -20त्ऊ से नीचे है।



मुनस्यारी में सबसे कम पारा -25त्ऊ,बद्रीनाथ में -16त्ऊ, गंगोत्री में -20त्ऊ दर्ज किया गया।

राजस्थान में 17-18 फरवरी को एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिसके असर से जयपुर, बीकानेर संभाग के एरिया में बादल छा सकते हैं, कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

वहीं, बाड़मेर में शनिवार दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है बाड़मेर में इतना तापमान सामान्य तौर पर 20 फरवरी बाद ही दर्ज होता है। पिछले 24 घंटे में आसमान साफ रहा और सुबह से देर शाम तक तेज धूप रही।

### इन शहरों में भी गर्म रहा दिन

मौसम केन्द्र जयपुर की रिपोर्ट के मुताबिक जैसलमेर, जोधपुर, फलोदी, बीकानेर, चूरू, नागौर, चित्तौड़गढ़, जालौर, लूणकरणसर, पाली और डूंगरपुर में भी दिन में गर्मी रही। यहां फरवरी में ही अधिकतम तापमान 30 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है।

राज्य के शहरों में भले ही दिन गर्म होने शुरू हो गए, लेकिन शेखावाटी के एरिया में अब भी सुबह-शाम सर्दी तेज है। सबसे सबसे ज्यादा सर्द इलाका फतेहपुर में 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीकर में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



### फिर बदलेगा मौसम

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- राज्य में 16 फरवरी तक मौसम साफ रहेगा। दिन में धूप रहेगी, जबकि सुबह-शाम हल्की सर्दी।

17 फरवरी को प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस सिस्टम के असर से 17 और 18 फरवरी को जयपुर, बीकानेर संभाग के एरिया में बादल छा सकते हैं और हल्की बारिश भी हो सकती है।


### जाहिर सूचना का प्रतिवाद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 12.02.2026 को दैनिक अवन्तिका समाचार पत्र के पेज नंबर 7 पर प्रकाशित जाहिर सूचना पूर्णतया असत्य होकर निराधार है, उक्त जाहिर सूचना में वर्णित भवन क्रमांक ए-28/9 एम.आई.जी. वेद नगर, उज्जैन वादग्रस्त सम्पत्ति है, जिसके संबंध में मेरी पक्षकारा डॉ. सुनीता पिता स्व. श्री ढोलन रामजी निवासी हालमुकाम नागेश्वर धाम उज्जैन म.प्र. ने दीवानी न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-2, उज्जैन के समक्ष स्वत्व घोषणा स्थायी निषेधाज्ञा तथा वसीयत निरस्त कराने बाबत एवं सम्पत्ति विभाजन हेतु एक दीवानी वाद प्रस्तुत कर रखा है जो कि प्रकरण क्रमांक ए 637/2025 पर दर्ज होकर वर्तमान में कार्यवाही प्रचलन में है, इस प्रकरण में आगामी सुनवाई की तिथी 18/02/2026 नियत की गई है ।

अतएव इस प्रतिवाद सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, उक्त वादग्रस्त भवन के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई अनुबंध पत्र, रजिस्ट्री नही करें और न ही उक्त सम्पत्ति के लेन देन संबंधी कोई सम्व्यवहार करें, ऐसी सिथति में उक्त वादग्रस्त सम्पत्ति के संबंध में अनुबंध पत्र व रजिस्ट्री अवैध व शून्य होगी, उक्त वादग्रस्त सम्पत्ति के न्यायालयीन प्रकरण के विचाराधीन रहते, वादग्रस्त सम्पत्ति का विक्रय नही किया जा सकता जो कि सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत अवैध व शून्य होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित की रहेगी। सौ सूचित हो !

इति दिनांक 14.02.2026 स्थान उज्जैन

**रणजीत कालरा, एडवोकेट**
**100 पटेल नगर कॉलोनी, उज्जैन**
**मो.नं. 94799-89210**

## आरोप- पुतिन ने अपने विरोधी को एपिबैटिडीन जहर देकर मारा

# इससे पहले लकवा फिर दर्दनाक मौत होती है, दक्षिण अमेरिकी मेंढक में मिलता है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

यूरोप के पांच देशों ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर उनके विरोधी एलेक्सी नवलनी को 'एपिबैटिडीन जहर' देकर मारने का आरोप लगाया है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और नीदरलैंड ने कहा है कि यूरोप की लैब में नवलनी के शरीर के नमूनों की जांच में एपिबैटिडीन पाया गया। ये जहर रूस में प्राकृतिक रूप से नहीं मिलता।

इन देशों ने कहा कि रूस के पास यह जहर देने के साधन, मकसद और मौका तीनों थे। उन्होंने रूस के खिलाफ केमिकल वेपन्स कन्वेंशन के उल्लंघन की शिकायत करने की बात कही है।

नेशनल ज्योग्राफिक के मुताबिक, ये जहर दक्षिण अमेरिका में पाए जाने वाले जहरीले डार्ट मेंढकों की त्वचा में मिलता है। यह जहर पहले शरीर को लकवाग्रस्त करता है, फिर सांस लेने में दिक्कत पैदा करता है और आखिर में दर्दनाक मौत हो सकती है।

डार्ट मेंढक करीब दो इंच लंबे होते हैं, लेकिन उनके शरीर में इतना जहर होता है कि वह लगभग 10 वयस्क लोगों को मार सकता है। इन मेंढकों की त्वचा से निकाले जाने वाले जहर को एपिबैटिडीन कहा जाता है। यह एक न्यूरोटॉक्सिन है, यानी ऐसा जहर जो सीधे नर्व सिस्टम पर असर करता है। इसे एक रासायनिक हथियार के रूप में भी जाना जाता है। डार्ट मेंढक का जहर धरती के सबसे घातक जहरों में गिना जाता है। यह मॉर्फीन से लगभग 200 गुना ज्यादा ताकतवर है। इससे शरीर को लकवा मार सकता है, सांस लेने में गंभीर दिक्कत पैदा हो सकती है और दर्दनाक मौत होती है। वैसे तो एपिबैटिडीन मेंढकों में प्राकृतिक रूप से मिलता है, लेकिन इसे लैब में भी बनाया जा सकता है। यूरोपीय वैज्ञानिकों को शक है कि इस मामले में इसे लैब में तैयार किया गया था।

नवलनी की 16 फरवरी 2024 को आर्कटिक की एक जेल में मौत हो गई थी, वो वहां 19 साल की सजा काट रहे थे। वे सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते थे और विरोध प्रदर्शन करते थे।


ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने कहा कि रूस नवलनी को खतरे के रूप में देखता था और इस तरह का जहर इस्तेमाल कर उसने दिखाया कि वह राजनीतिक विरोध से कितना डरता है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरो ने कहा कि यह घटना दिखाती है कि पुतिन सत्ता में बने रहने के लिए बायोलॉजिकल हथियार तक इस्तेमाल करने को तैयार हैं।

नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया ने कहा कि उन्हें पहले दिन से यकीन था कि उनके पति को जहर दिया गया था और अब इसका सबूत मिल गया है। उन्होंने पुतिन को हत्यारा बताते हुए जवाबदेह ठहराने की मांग की।

वहीं रूसी अधिकारियों का कहना है कि नवलनी टहलने के बाद बीमार पड़े और उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी इन आरोपों को खारिज किया है।

### नवलनी को पहले भी जेल जहर देने की कोशिश हुई थी

नवलनी पहले भी 2020 में जहर देने की कोशिश की गई थी। उस वक्त उन्हें ह्नोविचोक नाम का नर्व एजेंट दिया गया था। उन्होंने इसका आरोप क्रेमलिन पर लगाया था, लेकिन रूस ने इससे इनकार किया था। इलाज के लिए उन्हें जर्मनी ले जाया गया था। ठीक होने के बाद जब वे रूस लौटे तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और अपनी जिंदगी के आखिरी तीन साल जेल में बिताए। ब्रिटेन पहले भी रूस पर ऐसे हमलों का आरोप लगाता रहा है। 2018 में इंग्लैंड के सैलिस्बरी शहर में पूर्व रूसी एजेंट सर्गेई स्क्रिपल पर ह्नोविचोक नर्व एजेंट से हमला हुआ था। वे और उनकी बेटी गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। एक ब्रिटिश महिला डॉन स्टर्जेस की भी मौत हो गई थी। ब्रिटेन की जांच में कहा गया था कि इस हमले को हाई लेवल से मंजूरी मिली होगी।



## तारिक रहमान बोले-भारत से रिश्तों में बांग्लादेश का हित जरूरी

बांग्लादेश आम चुनाव में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (इठढ) अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को पहली बार मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे।


रहमान ने यह भी कहा कि चीन बांग्लादेश का विकास में सहयोगी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में बांग्लादेश और चीन मिलकर काम करते रहेंगे। उनका कहना था कि दूसरे देशों की तरह चीन भी बांग्लादेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब उनसे पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से वापस लाने के बारे में पूछा गया, तो रहमान ने कहा कि यह पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। तारिक रहमान ने कहा कि रअअफ्ह की शुरूआत बांग्लादेश ने की थी, इसलिए वे इसे फिर से शुरू करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद वे दूसरे देशों से बात करेंगे और संगठन को दोबारा एक्टिव करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने साफ कहा कि देश में कानून-व्यवस्था हर हाल में बनाए रखी जाएगी। शांति और सुरक्षा बिगाड़ने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून सभी पर बराबर लागू होगा।

तारिक रहमान ने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की।

# फॉरेंसिक एक्सपर्ट बोले- गर्दन के फ्रैक्चर हत्या का इशारा कर रहे, दोबारा जांच होनी चाहिए

## दावा- जेफ्री एपस्टीन ने आत्महत्या नहीं की, हत्या हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन



यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की न्यूयॉर्क की जेल में 2019 में मौत पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। उसके पोस्टमार्टम में मौजूद रहे फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर माइकल बैडेन ने दावा किया है कि एपस्टीन ने आत्महत्या नहीं की थी, बल्कि उसका गला दबाया गया था। द टेलीग्राफ को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच दोबारा होनी चाहिए। न्यूयॉर्क में सरकारी मेडिकल एग्जामिनर कार्यालय ने एपस्टीन की मौत को आत्महत्या करार दिया था। लेकिन डॉ. बैडेन का कहना है कि तथ्यों के आधार पर मौत के कारण और तरीके की फिर से जांच आवश्यक है।

तब पोस्टमार्टम की एक एडिटेड कॉपी में मौत का तरीका पहले पेंडिंग दिखाया गया था और आत्महत्या या हत्या दोनों बॉक्स खाली थे। बाद में तत्कालीन मुख्य मेडिकल एग्जामिनर बारबरा सैम्पसन ने इसे आत्महत्या घोषित कर दिया। जबकि, डॉ. सैम्पसन पोस्टमार्टम के समय मौजूद नहीं थीं।

आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, एपस्टीन की गर्दन में तीन फ्रैक्चर थे- हायॉइड हड्डी और थायरॉयड कार्टिलेज में। डॉ. बैडेन का दावा है कि उन्होंने अपने 50 वर्षों के अनुभव में आत्महत्या के फांसी मामलों में इस तरह के तीन फ्रैक्चर नहीं देखे।

उनका कहना है कि ऐसे फ्रैक्चर हत्या की ओर संकेत करते हैं। हालांकि, डॉ. सैम्पसन ने कहा था कि ऐसे फ्रैक्चर आत्महत्या और हत्या दोनों स्थितियों में देखे जा सकते हैं।

अमेरिकी कांग्रेस सदस्य लॉरेन बोबर्ट ने बिना संपादित (अनरेडैक्टेड) दस्तावेजों की समीक्षा करने के बाद चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा, इस मामले में कल्पना से कहीं ज्यादा भयावह चीजों का खुलासा होना अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों में कैनिबल रेस्तरां और जर्की (मानव मांस) जैसे कोड शब्द ऐसे इस्तेमाल किए गए हैं जैसे यह सामान्य बात हो। कैनिबल रेस्तरां से मतलब ऐसे रेस्तरां से है जहां मानव मांस परोसा जाता हो। एपस्टीन की मौत पर जारी आधिकारिक बयान उनकी मौत से एक दिन पहले, 9 अगस्त 2019 को ही ड्राफ्ट किया गया था। यह खुलासा अमेरिकी न्याय विभाग के नए दस्तावेजों से हुआ है। एपस्टीन 10 अगस्त 2019 को न्यूयॉर्क के करेक्शन सेंटर में मृत मिला था। ड्यूटी पर मौजूद गार्ड्स ने कई घंटों तक निगरानी नहीं की, जबकि हर 30 मिनट में जांच अनिवार्य थी घटनास्थल से मिली नारंगी चादर की फांसी का फंदा बाद में एपस्टीन की मौत से मेल नहीं खाया नॉर्वे के पूर्व प्रधानमंत्री थॉर्ब्योर्न जगलैंड पर एपस्टीन से संबंधों को लेकर गंभीर भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया है।

## कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के भारतीय छात्र का शव मिला, छह दिन से लापता था, रूममेट ने लिंक्डइन पर जानकारी दी थी

अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के 22 वर्षीय भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया का शव बरामद हुआ है। वह 9 फरवरी से लापता थे। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने रविवार को इसकी पुष्टि की।

दूतावास ने पर पोस्ट कर बताया कि स्थानीय पुलिस ने लापता छात्र का शव मिलने की पुष्टि की है। परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया गया है। दूतावास ने यह भी कहा कि वह परिवार को हर जरूरी सहायता देने के लिए तैयार है। इसमें स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय और पार्थिव शरीर को भारत भेजने की व्यवस्था शामिल है। दूतावास के अधिकारी परिवार के सीधे संपर्क में हैं और सभी औपचारिकताओं में सहयोग करेंगे। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लापता होने से पहले साकेत को बर्कले हिल्स स्थित लेक एंजा के पास आखिरी बार देखा गया था। उनका बैग एक घर के दरवाजे पर मिला था, जिसमें पासपोर्ट और लैपटॉप था। साकेत कर्नाटक के रहने वाले थे। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार उन्होंने कक्क्ठ मद्रास से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया था और 2025 में ग्रेजुएट हुए थे। इसके बाद वह बर्कले में केमिकल और बायोमॉलिक्यूलर इंजीनियरिंग में मास्टर्स कर रहे थे। उनके लापता होने के बाद रूममेट बनीत सिंह ने सोशल मीडिया पर लोगों से जानकारी मांगी थी। उन्होंने लिंक्डइन पर लिखा था कि साकेत 9 फरवरी से लापता हैं और लेक एंजा के पास आखिरी बार देखे गए थे। उन्होंने लोगों से अपील की थी कि अगर किसी के पास कोई जानकारी हो तो तुरंत संपर्क करें। उन्होंने बताया था कि वे पुलिस के साथ मिलकर उनकी तलाश कर रहे हैं और यह उनके लिए बेहद कठिन समय है। फिलहाल मौत के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

## निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी बोले- दुनिया खामोश रही तो और मौतें होंगी

जर्मनी के म्यूनिख शहर में शनिवार को ईरान की सरकार के खिलाफ लगभग 2.5 लाख लोगों ने बड़ा प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी की अपील पर हुआ। उन्होंने इसे ग्लोबल डे ऑफ एक्शन बताया और कहा कि ईरान में हालिया प्रदर्शनों के बाद दुनिया को ईरानी लोगों का साथ देना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने ड्रम बजाए, परिवर्तन, परिवर्तन, शासन परिवर्तन के नारे लगाए और ईरान के 1979 की इस्लामिक क्रांति से पहले वाले हरे-सफेद-लाल झंडे लहराए, जिन पर शेर और सूरज का चिह्न था। कई लोगों ने मेक ईरान ग्रेट अगेन लिखे लाल कैप पहने थे, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थकों के टअत्रढ्ढ कैप की नकल थे। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने भी भीड़ को संबोधित किया।

## रमजान से पहले दुबई पहुंच रहे पाकिस्तान के भिखारी:एक के पास लाखों की संपत्ति


ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई


रमजान से पहले दुबई में विदेशी, खासतौर पर पाकिस्तानी भिखारियों की आमद के चलते पुलिस ने बड़े पैमाने पर धर-पकड़ शुरू कर दी है। इस अभियान के दौरान एक ऐसे भिखारी को पकड़ा गया है जो लाखों की संपत्ति के अलावा 3 लग्जरी कारों का मालिक है।

संदिग्ध और आपराधिक घटना विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर अली सलेम अल शम्सी के अनुसार, ये धोखेबाज जनता की उदारता का फायदा उठाकर पैसे कमाते हैं। बाजार में छापेमारी के दौरान, अधिकारियों ने एक भिखारी की चटाई के नीचे से 25,000 दिरहम (6 लाख रुपए से ज्यादा) बरामद किए।

वहीं, टूरिस्ट वीसा पर आए एक एशियाई व्यक्ति के पास से 5 लाख रुपए बरामद किए। ये व्यक्ति मस्जिदों के पास भीख मांगता था और सहानुभूति के लिए अपने दो साल के बच्चे को साथ रखता था।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ध | र | अ | ■ | सु | ह | वि |
| चा | चा | ■ | म | हि | ना | ■ | ■ | ना |
| र | ज | र | ■ | न | व | जी | व | न |
| ■ | क | म | ला | ■ | व | ■ | ■ | शी |
| म | ■ | ला | ल | ■ | ला | ग | ■ | ल |
| जो | ■ | ■ | मा | ■ | ना | र | द | ■ |
| क | ज | ध | र | ज | ■ | ह | र | ण |
| म | ■ | ■ | ना | का | रा | ■ | क | ण |
| ना | ट | क | ■ | प | ह | क | ना | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | झे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौं | थी | जा | ह | कि | बि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| य | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...

0000000000


लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

## रंग भरकर चित्र बनाओ





# क्या पाकिस्तानियों से हाथ मिलाएगी टीम इंडिया?

# भारत-पाकिस्तान मैच आज, क्या अभिषेक शर्मा खेलेंगे

## उस्मान तारिक की चुनौती से कैसे निपटेगी टीम इंडिया; क्या बारिश बिगाड़ेगी खेल

टी-20 वर्ल्ड कप में आज भारत ५२ पाकिस्तान मैच होगा। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में दोनों पड़ोसी शाम 7 बजे से एक-दूसरे के सामने होंगे। टॉस शाम 6.30 बजे होगा। हालांकि, कोलंबो में बारिश हो रही है। रविवार को भी दिन में बारिश का अनुमान है। हालांकि, मैच के टाइम में बारिश की आशंका 10% के आसपास ही है भारत 2007 और 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीत चुका है, टीम ने अपना पहला टाइटल पाकिस्तान को फाइनल हराकर ही जीता था। दूसरी ओर पाकिस्तान 2009 का चैंपियन है, टीम 2007 और 2022 में रनर-अप रह चुकी है टीम इंडिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती श्रीलंकाई पिच पर उस्मान तारिक की गेंदबाजी होगी। तारिक का रुक कर गेंदबाजी करना, स्पीड वेरिएशन और एंगल भारतीय बैटर्स के लिए बड़ी चुनौती है।







**टूनार्मेंट में 10 मैच से नहीं हारा भारतः टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के नाम 3लगातार 10 मैच जीतने का रिकॉर्ड है। टीम ने 2024 में 8 मैच जीते थे, अब 2026 में 2 मैच जीतकर टीम नया रिकॉर्ड बना चुकी है।**

पाकिस्तान को 8 में से 7 वर्ल्ड कप मैच हराएः भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 वर्ल्ड कप में अब तक 8 मैच खेले गए, 7 में भारत और महज 1 में पाकिस्तान को जीत मिली। टी-20 इंटरनेशनल में भी भारत ही आगे है। दोनों ने ओवरऑल 16 टी-20 खेले, 13 में भारत और सिर्फ 3 में पाकिस्तान को जीत मिली।

**स्ट्रेंथः विस्फोटक बल्लेबाजी भारत की सबसे बड़ी ताकत है। ईशान किशन,3 हार्दिक पंड्या और कप्तान सूर्यकुमार यादव अच्छी लय में नजर आए हैं। सूर्या इस साल 3 फिफ्टी लगा चुके हैं। बुमराह फिट हैं। कुलदीप, वरुण और अक्षर ने गेंदबाजी को संभाले रखा है।**

वीकनेसः अभिषेक शर्मा बीमारी की वजह से पिछला मैच नहीं खेल सके। भारत को पिछले दोनों मुकाबलों में स्पिन खेलने में भी परेशानी हुई है, कोलंबो की पिच स्पिनर्स के लिए मददगार है। इसलिए भारत को संभलकर रहना होगा।

टी-20 वर्ल्डकप 2026

## पाकिस्तान का प्रदर्शन



| 12 फरवरी | 7 फरवरी |
|---|---|
| USA को 32 रन से हराया। | नीदरलैंड को 3 विकेट से हराया। |

### टॉस, पिच और मौसम

टॉसः तीनों मैच पहले बैटिंग करने वाली टीम ने जीतेमौजूदा टूनार्मेंट में कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम के तीनों मैच पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने जीते हैं। पहले मैच में आयरलैंड टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, लेकिन श्रीलंका ने हरा दिया। जबकि दूसरे में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बैटिंग की और आयरलैंड को हराया। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे मैच में टॉस तो जीता, लेकिन पहले गेंदबाजी कर ली। उसे जिम्बाब्वे से हार झेलनी पड़ी।

ओसः कोलंबो में ओस नहींकोलंबो में इन दिनों में ओस नहीं आती है। ऐसे में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना मुश्किल हो जाएगा। आमतौर पर साउथ एशियन कंडीशंस में जनवरी-फरवरी में शाम के बाद ओस आने से बैटिंग आसान हो जाती है, लेकिन कोलंबो में ऐसा नहीं होगा।

पिचः टूटने लगती है, गेंद रुककर आएगीकोलंबो की पिच दूसरी पारी में खुरदुरी हो जाती है। इससे स्पिनर्स को मदद मिलेगी। गेंद पेसर्स को भी मदद करेगी। ऐसे में यहां पहली पारी में बैटिंग और बाद में बॉलिंग असरदार होगी। इस पिच पर 41 विकेट गिरे हैं। 21 पेसर्स और 20 स्पिनर्स के नाम रहे।

मौसमः कोलंबो में दिनभर बारिश की संभावनाकोलंबो में शनिवार रात से ही बारिश शुरू हो गई, इस कारण मैदान को कवर्स से ढंका गया। रविवार को भी 50% इलाकों में बारिश का अनुमान है। अगर मैच नहीं हो सका तो दोनों टीमों को 1-1 पॉइंट मिलेगा। रिजर्व डे नहीं है।

टी-20 वर्ल्डकप 2026

## PAK के टॉप प्लेयर्स



**साहिबजादा फरहान (बैटर)**
मैच 2 | रन 120
बेस्ट 73
स्ट्राइक रेट 166.66



**अबरार अहमद (बॉलर)**
मैच 2 | विकेट 3
बेस्ट 2/23
इकोनॉमी 6.62

टी-20 वर्ल्डकप 2026

## भारत का प्रदर्शन



| 12 फरवरी | 7 फरवरी |
|---|---|
| नामीबिया को 93 रन से हराया। | USA को 29 रन से हराया। |

### पाकिस्तान की स्ट्रेंथ और वीकनेस

स्ट्रेंथः ओपनर साहिबजादा फरहान टीम को अच्छी शुरूआत दिला रहे हैं। उनके नाम एक अर्धशतक हैं। टीम का स्पिन डिपार्टमेंट अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। सलमान मिर्जा, अबरार, तारिक और नवाज 3-3 विकेट ले चुके हैं। शादाब और अयूब भी ज्यादा रन नहीं देते।

वीकनेसः बैटर्स पाकिस्तान की कमजोर कड़ी साबित हो सकते हैं। साहिबजादा के अलावा कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका। बाबर, कप्तान सलमान धीमी पारियां खेल रहे हैं, इससे टीम को परेशानी हो सकती है।

### दोनों टीमों के पॉसिबल मैच विनर्स

#### भारत

जसप्रीत बुमराहः सटीक यॉर्कर के लिए मशहूर, किफायती गेंदबाजी करते हैं। पावरप्ले और डेथ ओवर्स में कारगर हैं। पिछले वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

वरुण चक्रवर्तीः 2 मैचों में 4 विकेट ले चुके हैं। नामीबिया के खिलाफ 3 विकेट निकाले थे। 5.16 की इकोनॉमी से गेंदबाजी कर रहे हैं।

कुलदीप यादवः पाकिस्तान के खिलाफ गेम चेंजर साबित हो सकते हैं। चाइनामैन गेंदबाज हैं। हर 12वीं गेंद पर विकेट लेते हैं।

अभिषेक शर्माः विस्फोटक बल्लेबाजी करते हैं। हर 8वीं गेंद पर छक्का लगाने की क्षमता है। स्ट्राइक रेट 200 के करीब रहता है।

■ वर्ष-12 अंक-104 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 15 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशयस्थितः।
अहमादिश्च मध्यं च भूतानामन्त एव च॥

**भावार्थ** : मैं सब भूतों के हृदय में स्थित सबका आत्मा हूँ तथा संपूर्ण भूतों का आदि, मध्य और अंत भी मैं ही हूँ।

कथं विद्यामहं योगिंस्त्वां सदा परिचिन्तयन्।
केषु केषु च भावेषु चिन्त्योऽसि भगवन्मया॥

**भावार्थ** : हे योगेश्वर! मैं किस प्रकार निरंतर चिंतन करता हुआ आपको जानूँ और हे भगवन्! आप किन-किन भावों में मेरे द्वारा चिंतन करने योग्य हैं?

## अधिकारिणः वदन्ति यत् ते अभियुक्तानां ग्रहणं निरन्तरं कुर्वन्ति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

तेषां कृते पञ्चनामभियुक्तानां १२ अज्ञातयुवानां च विरुद्धं हत्याप्रकरणं कृतम् अस्ति। अधिकारिणः वदन्ति यत् ते अभियुक्तानां ग्रहणं निरन्तरं कुर्वन्ति, सम्पूर्णस्य विषयस्य सम्यक अन्वेषणं च कुर्वन्ति। पुलिस-अधिकारिणः अवदन् यत् यद्यपि प्रारम्भिक-अनुसन्धानं व्यक्तिगत-विवादः इति भासते तथापि एतस्य घटनायाः पृष्ठतः वास्तविक-प्रेरणायाः, षड्यंत्रस्य सवेषां पक्षानां च अन्वेषणं क्रियते। समीपस्थानां छात्राणां प्रत्यक्षदर्शिनां च पूर्णसत्यं उद्घाटयितुं प्रश्नाः क्रियन्ते। एषा घटना पुनः छात्राणां मध्ये वर्धमानस्य हिंसायाः, पारस्परिकविवादस्य च चिन्ताम् उत्पन्नवती अस्ति। भविष्ये एतादृशाः घटनाः न भवेयुः इति कृते प्रशासनेन अभियुक्तानां विरुद्धं कठोरकार्याणि कर्तुं स्थानीयनिवासिनः अभिभावकाः च आग्रहं कृतवन्तः। सम्प्रति पुलिस अस्य प्रकरणस्य सम्यक अन्वेषणं कुर्वती अस्ति, पलायितानां अभियुक्तानां अन्वेषणं च कुर्वती अस्ति।

## सम्पादकीयम्

### तैलस्य वास्तविकता

एतेषु समागमेषु ट्रम्पस्य जामाता जेरेड् कुश्नर अपि भागः आसीत्, युक्रेनदेशस्य सुरक्षायाः गारण्टीं दातुं च ध्यानं आसीत्। परन्तु एतेषां समागमानाम् प्रभावः न दृश्यते, यतः तेषां सह रूसी-आक्रमणानां तीव्रता अपि अभवत्। अधुना ब्रिटेन-फ्रांस्-देशयोः सहमतिपत्रे हस्ताक्षरं कृतवन्तौ, तदनुसारं शान्तिसम्झौतेन अनन्तरं युक्रेनदेशे सैन्यं नियोक्तुं अभिप्रायः अस्ति, रूसदेशः तु एतस्य विरोधं करोति तैलस्य वास्तविकता। रूस-युक्रेन-देशयोः विषयः बहुषु मोचेर्षु जटिलः अस्ति, परन्तु ट्रम्प-प्रशासनं केवलं एकस्मिन् पक्षे सरलीकरोति यत् तैलक्रयणम् इति। विचित्रं यत् ट्रम्पस्य स्वस्य दावस्य अनुसारं भारतं इदानीं रूसदेशात् न्यूनतया तैलस्य आयातं करोति। कूटनीतिक प्रतिक्रिया। युद्धात् तैलपर्यन्तं ट्रम्पः प्रतिदिनं नूतनं दावान् करोति। अद्यैव सः पीएम नरेन्द्रमोदी-ट्रम्प-प्रशासनयोः मध्ये अपाचे-हेलिकॉप्टर-सौदान्तरे एकं वक्तव्यं दत्तवान्, यस्मिन् त्रुटयः सन्ति ट्रम्पस्य वचनं असामान्यं पारम्परिककूटनीतिकभाषायाः विचलितं च अस्ति। भारतेन स्वस्य विरोधस्य पञ्जीकरणाय कूटनीतिकसाधनं स्वीकुर्यात्। वाशिङ्गटनं प्रति तस्य कार्याणि द्विपक्षीयसम्बन्धानां हानिं कुर्वन्ति इति बोधयितुं महत्त्वपूर्णम्। सम्प्रति द्वयोः देशयोः मध्ये व्यापारसौदानां विषये वार्ता प्रचलति अतः तस्मिन् विषये एव ध्यानं भवेत्। परन्तु ट्रम्प-प्रशासनस्य एतेषां व्यर्थकायार्णां कारणात् अमेरिका-देशः विश्वस्य विश्वासं नष्टं कुर्वन् अस्ति, यत् द्वितीयविश्वयुद्धात् परं तस्य बृहत्तमं मुद्रा अस्ति।

## एतेषु प्रीमियम-रूपेषु षट् एयरबैग्, ३६०-डिग्री-कॅमेरा

# उन्नत-सुरक्षा-प्रणाली च इत्यादीनि विशेषतानि सन्ति इति अपेक्षा अस्ति



ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

इदं नूतनं निसान एमपीवी भारतीयविपण्ये पूर्वमेव स्थापितानां कतिपयानां लोकप्रियवाहनानां कृते प्रबलं आव्हानं दातुं शक्नोति। विशेषतः रेनॉल्ट् ट्राइबर, मारुति सुजुकी एर्टिगा इत्यादीनां मॉडल्-इत्यस्य कृते महत्त्वपूर्णं आव्हानं भवितुम् अर्हति। कम्पनी प्रवेशस्तरीयहैचबैक क्रेतारः आकर्षयितुं मूल्यानि निर्धारितवती अस्ति तथा च मध्यम आकारस्य एमपीवी खण्डे क्रेतृभ्यः विकल्पं अपि प्रदाति।

निसानस्य एषा रणनीतिः भारतीयविपण्ये कम्पनीं दृढं पदस्थानं दातुं शक्नोति इति वाहनविशेषज्ञाः मन्यन्ते। अन्तिमेषु वर्षेषु भारतीयग्राहकाः बृहत्तरेषु, बहुउद्देश्येषु वाहनेषु, विशेषतः सप्तसीटकारेषु, अधिकाधिकं आकृष्टाः भवन्ति, यत्र माङ्गल्याः निरन्तरं वृद्धिः अभवत् अस्मिन् सन्दर्भे ग्रेविट् इत्यस्य प्रक्षेपणं कम्पनीयाः कृते महत्त्वपूर्णं सिद्धं भवितुम् अर्हति।

एतेषु प्रीमियम-रूपेषु षट् एयरबैग्, ३६०-डिग्री-कॅमेरा, उन्नत-सुरक्षा-प्रणाली च इत्यादीनि विशेषतानि सन्ति इति अपेक्षा अस्ति। निसानः ग्रेविट् इत्यस्मिन् मॉड्यूलर-आसनविन्यासे अपि केन्द्रितः अस्ति, येन यात्रिकाणां स्थानं, आरामः च उन्नतः भवति। एतत् कारं पारिवारिकयात्रायै दीर्घदूरयात्रायै च उपयोगी भवितुम् अर्हति स्म। कम्पनी ईंधनदक्षतां चालनसुखं च प्राथमिकताम् अददात्, येन नित्यप्रयोगाय उपयुक्ता अस्ति।

ग्रेविट् इत्यस्य प्रक्षेपणेन कम्पनी भारतीयविपण्ये स्वपदं सुदृढं कर्तुं प्रयतते। निसानः विगतकेषु वर्षेषु सीमितमाडलपङ्क्तिकारणात् मार्केट्-भागं त्यक्तवान्, परन्तु अधुना नूतन-उत्पाद-प्रक्षेपणद्वारा पुनरागमनाय रणनीत्यां कार्यं कुर्वन् अस्ति अस्याः योजनायाः महत्त्वपूर्णः भागः गुरुत्वाकर्षणं मन्यते। कम्पनीयाः मते अस्य कारस्य आधिकारिकबुकिंग् प्रक्षेपणानन्तरं तत्क्षणमेव आरभ्यते इति अपेक्षा अस्ति। वाहन-उद्योगस्य विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् अस्य प्रतिस्पर्धी मूल्यनिर्धारणं, विशेषता-भारित-रूपान्तरं च ग्राहकानाम् मध्ये लोकप्रियं कर्तुं शक्नोति। अपि च, अस्य टर्बोचार्जड् इञ्जिन्, सीवीटी-संचरणविकल्पाः च अस्मिन् खण्डे अन्येभ्यः कारेभ्यः पृथक कर्तुं शक्नुवन्ति। निसान ग्रेविट् इत्येतत् पूर्वमेव विपण्यां रोमाञ्चं जनयति। प्रक्षेपणेन एतत् नूतनं प्रस्तावः ग्राहकानाम् अपेक्षां कियत् सम्यक पूरयति इति प्रकाशितं भविष्यति, परन्तु तस्य मूल्यं विशेषतां।

## यातायातविशेषज्ञाः

### वदन्ति यत् एषः निर्णयः साधारणयात्रिकाणां

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

विशेषज्ञानाम् अनुसारं देशे आधारभूतसंरचनाविकासस्य त्वरिततायै, यात्रिकाणां हितस्य रक्षणाय च एषः निर्णयः कृतः अस्ति। प्रमुखनगरानां औद्योगिकक्षेत्राणां च मध्ये द्रुततरं आधुनिकं च मार्गसंपर्कं प्रदातुं सर्वकारः द्रुतमार्गपरियोजनानां निरन्तरं विस्तारं कुर्वन् अस्ति। एतादृशे सति यात्रिकाणां उद्योगस्य च कृते सन्तुलितटोलदराणां निर्वाहः अत्यावश्यकः इति मन्यते।

यातायातविशेषज्ञाः वदन्ति यत् एषः निर्णयः साधारणयात्रिकाणां दीर्घदूरपर्यन्तं निजवाहनचालकानाम् अपि राहतं प्राप्स्यति। अपूर्णद्रुतमार्गेषु अधिकशुल्कं प्रायः जनाः एतेषां मार्गानाम् उपयोगं कर्तुं न शक्नुवन्ति स्म, येन नवनिर्मितमार्गानां उपयोगिता न्यूनीभवति स्म। अधुना एतेषु मार्गेषु न्यूनशुल्कदरेण वाहनयानयानस्य वृद्धिः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति।

द्रुतमार्गस्य वर्धनेन प्राचीनराष्ट्रीयराजमार्गेषु यातायातस्य जामः न्यूनीभवति इति सर्वकारस्य मतम्। एतेन न केवलं यात्रिकाणां समयस्य रक्षणं भविष्यति अपितु मार्गदुर्घटनानां न्यूनीकरणं भविष्यति। अपि च, द्रुततरं, अधिकं नियन्त्रितं च यातायातं परिवहनक्षेत्रस्य कार्यक्षमतां अपि वर्धयिष्यति। मार्गपरिवहनमन्त्रालयेन उक्तं यत् देशे आधुनिकमार्गजालस्य विकासः सर्वकारस्य प्राथमिकता अस्ति, अस्मिन् दिशि नूतनाः परियोजनाः निरन्तरं आरभ्यन्ते। टोलशुल्कनियमेषु एषः परिवर्तनः विकासस्य जनहितस्य च मध्ये सन्तुलनं करिष्यति इति मन्त्रालयस्य मतम्। अस्य निर्णयस्य प्रति यात्रिकाः परिवहनसंस्थाः च सकारात्मकं प्रतिक्रियां दत्तवन्तः। अनेके विशेषज्ञाः एतत् यात्रिकाणां हिताय व्यावहारिकनिर्णयः इति वर्णितवन्तः। ते वदन्ति यत् एतेन मार्गपरियोजनानां उपयोगः वर्धते, परिवहनव्यवस्था च अधिका कार्यक्षमता भविष्यति।

## राशिफल

**मेष** : सीनियर या बॉस कोई नई जिम्मेदारी दे सकते हैं। बिजनेस करने वालों को नए संपर्कों से फायदा मिल सकता है।

**वृषभ** : आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और बचत का मौका मिलेगा। घर-परिवार के साथ समय बिताने का मन करेगा।

**मिथुन** : आय के नए मौके बन सकते हैं। दोस्तों और भाई-बहनों का साथ मिलेगा। मन में उत्साह रहेगा और दिन सकारात्मक बीतेगा।

**कर्क** : उधार देने से बचें। परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक शांति मिलेगी। सेहत को नजरअंदाज न करें, आराम भी जरूरी है।

**सिंह** : वैवाहिक जीवन में तालमेल बढ़ेगा और बातचीत से समस्याएं सुलझेंगी। आर्थिक रूप से दिन ठीक रहेगा।

**कन्या** : आप जिम्मेदारियां अच्छे से निभाएंगे। खर्च सोच-समझकर करें। सेहत सामान्य रहेगी। बिना दबाव महसूस किए।

**तुला** : धीरे-धीरे धन लाभ के संकेत हैं। सेहत पहले से बेहतर रहेगी, बस खान-पान और दिनचर्या का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** : समाज में सम्मान बढ़ेगा। रिश्तों में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा।

**धनु** : पैसों की स्थिति ठीक रहेगी, लेकिन जोखिम भरे फैसले न लें। दिन हल्का और सकारात्मक रहेगा।

**मकर** : मन थोड़ा भावुक रह सकता है, इसलिए जल्दबाजी से बचें। आराम और शांति आपके लिए जरूरी है।

**कुंभ** : धन की स्थिति बेहतर होगी। दोस्तों और रिश्तेदारों से मुलाकात मन खुश कर देगी। दिन एक्टिव और फायदेमंद रहेगा।

**मीन** : परिवार या करीबी लोगों से बातचीत करने से अच्छा लगेगा। सेहत के लिए पर्याप्त नींद और आराम जरूरी है।

## ज्योतिष/वास्तु

# महाशिवरात्रि पर अगर दिख जाए ये चीजें तो समझिए बदलने वाली है किस्मत

मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर यदि कुछ विशेष प्रतीक या दृश्य दिखाई दें, तो उन्हें आने वाले समय के लिए शुभ संकेत माना जाता है। कुछ लोग इन्हें संयोग समझते हैं, तो कुछ इसे भोलेनाथ की कृपा का संकेत मानते हैं। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि श्रद्धा और साधना की विशेष रात है जब भक्त पूरी आस्था के साथ भगवान शिव का स्मरण करते हैं। कोई व्रत रखता है, कोई रात्रि भर मंत्र-जप करता है, तो कोई शिव मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतार में खड़ा रहता है। मान्यता है कि इस दिन यदि कुछ विशेष प्रतीक या दृश्य दिखाई दें, तो उन्हें आने वाले समय के लिए शुभ संकेत माना जाता है। कुछ लोग इन्हें संयोग समझते हैं, तो कुछ इसे भोलेनाथ की कृपा का संकेत मानते हैं। आइए इसके बारे में विस्तार से



जानते हैं।

बेलपत्र को भगवान शिव का अत्यंत प्रिय माना गया है। यदि महाशिवरात्रि के दिन बेलपत्र आसानी से मिल जाए या बेल का वृक्ष दिख जाए, तो इसे शुभ संकेत समझा जाता है। धार्मिक ग्रंथों में बेलपत्र को त्रिदेव का प्रतीक बताया गया है। मान्यता है कि सच्चे मन से अर्पित किया गया बेलपत्र जीवन की बाधाओं को दूर करने में सहायक होता है और मनोकामनाओं की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त करता है।

रुद्राक्ष को शिव के करुणा-आंसुओं से उत्पन्न माना जाता है। यदि इस पावन दिन किसी को रुद्राक्ष प्राप्त हो जाए या मंदिर में रुद्राक्ष की माला सहज रूप से मिल जाए, तो इसे विशेष आशीर्वाद माना जाता है। आस्था के साथ धारण किया गया रुद्राक्ष मानसिक स्थिरता और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है, ऐसा विश्वास है। शिवरात्रि पर रुद्राक्ष घर लाना शुभ और मंगलकारी माना जाता है।

भगवान शिव के वाहन नंदी के दर्शन को अत्यंत पवित्र माना जाता है। यदि शिवरात्रि के दिन नंदी के समक्ष दीप प्रज्वलित करते समय मन में शांति अनुभव हो, तो इसे प्रार्थना स्वीकार होने का संकेत समझा जाता है। वहीं, नीलकंठ पक्षी का दर्शन भी शुभ फलदायक माना जाता है। लोकविश्वास है कि इसका दिखना सम्मान और आर्थिक उन्नति का सूचक हो सकता है।

**विशेष पूजन परंपराएं-** महाशिवरात्रि पर तांबे के कलश से जलाभिषेक करना कल्याणकारी माना गया है। तांबा शुद्धता और ऊर्जा का प्रतीक है। शिवपुराण में दूध, घी मिश्रित जल या चंदन युक्त बेलपत्र अर्पित करने का उल्लेख मिलता है, जिसे समृद्धि से जोड़ा जाता है।

## खबर एक नजर...

### रात 12.30 बजे कामदारपुरा में भाईयों ने की चाकूबाजी

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के कामदारपुरा घाटी पर शुक्रवार-शनिवार रात 12.30 चाकूबाजी की घटना हो गई। 2 भाईयों इरफान और इमरान ने आबिद पिता बाबू खां 32 साल उसके भतीजे अरसलान पिता जाहिद खां 20 साल और अपसरान पिता जाहिद खां 18 साल को घायल कर दिया। तीनों घायलों को परिजनों उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की जानकारी लगने पर जीवाजीगंज थाना एसआई सुरेशचंद्र देवड़ा अस्पताल पहुंचे और घायल आबिद के बयान दर्ज कर दोनों भाईयों के खिलाफ धारा 119 (1), 118 (1), 296 (बी), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया। घायल आबिद ने बताया कि वह घर के पास अली हुसैन मामा के खाली प्लाट पर ई-रिक्शा खड़ी कर चार्जिंग कर रहा था। उसी दौरान दोनों भाईयों ने गाली-गलौच कर चाकू से हमला किया। बीच बचाव में आये भतीजों को भी चाकू मार दिये। पुलिस दोनों आरोपी भाईयों की तलाश कर रही है।

### गार्डन के चौकीदार को जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** आगररोड स्थित ग्राम सुरासा में गिरीराज गार्डन में कमल पिता नानूराम चंदवंशी 18 साल निवासी विक्रमगढ़ आलोट चौकीदारी का काम करता है। बीती रात अज्ञात युवक आया और गार्डन में घुसने का प्रयास करने लगा। चौकीदार कमल ने उसे रोका तो युवक ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मारपीट में चौकीदार घायल हो गया। गार्डन संचालक विकास पटेल को घटना की जानकारी लगी तो वह चौकीदार को चिमनगंज थाने लेकर पहुंचा। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद मारपीट करने वाले अज्ञात युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। गार्डन में लगे कैमरों के फुटेज देख मारपीट करने वाले की पहचान के प्रयास किये जा रहे है। अज्ञात युवकों द्वारा मारपीट किये जाने का एक मामला माधवनगर रेलवे से भी होना सामने आया है। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार रेलवे कालोनीम में रहने वाले जितेन्द्र पिता रूपसिंह तंवर के मकान के पीछे कुछ युवक बैठकर शराब पी रहे थे। जितेन्द्र ने उन्हे शराब पीने से मना किया और घर के पीछे से जाने की बात कहीं तो युवकों ने उसके साथ मारपीट की जान से मारने की धमकी दी। माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक रवि शर्मा के अनुसार अज्ञात युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### ट्राले ने बुजुर्ग को कुचला, चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र के लालगेट मोड़ पर मोपेट सवार 70 साल के बुजुर्ग गोपीलाल पिता भागीरथ निवासी चेतनपुरा को ट्राले ने कुचल दिया। बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना के बाद पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्राला जप्त कर लिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया। परिजन भी जानकारी लगते ही अस्पताल पहुंच गये थे। दुर्घटना के बाद गुस्साये लोगों ने जाम लगा दिया। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर बुजुर्ग का पोस्टमार्टम कराया गया है, वहीं चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### इंदौर के व्यक्ति को सांप ने डंसा, हालत गंभीर

**उज्जैन।** भूखी माता मंदिर के पास खेत में काम करने वाले इंदौर के परदेशीपुरा में रहने वाले जगदीश पिता रामू जयसवाल 40 साल को शनिवार शाम सांप ने डंस लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर बेगमपुरा में रहने वाला मोनू पिता मोहम्मद रईस चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। जगदीश की हालत गंभीर होने पर आईसीयू में भर्ती किया। ड्युटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी है।

## अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी में होटल संचालक के घर चोरी

# परिवार शादी में गया राजस्थान, चोरों ने तोड़ा घर का ताला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सूने मकान चोरों के निशाने पर बने है। शनिवार को एक बार फिर शादी में राजस्थान गया परिवार लौटकर आया तो मकान का ताला टूटा मिला। रात में चोरों ने आभूषणों के साथ नगदी और कीमती सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने मामले में चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। फिंगर प्रिंट टीम ने चोरों का पता लगाने के लिये वारदात स्थल पर परीक्षण किया।

चिमनगंज थाना क्षेत्र में कानीपुरा मार्ग पर अतिरिक्त विश्व बैंक कालोनी में महाकाल मंदिर के पास रेस्टोरेंट संचालित करने वाले सुरेश पंवार का मकान बना हुआ है। पंवार परिवार राजस्थान के कोटा बूंदी में रहने वाले रिश्तेदारों के यहां शादी होने पर शामिल होने गया हुआ था। शनिवार सुबह जब वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था। जो मकान में बनी ग्यारी में पड़ा था। अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन महाशिवरात्रि की तैयारियों



और सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक के चलते पुलिस देरी से वारदात स्थल पहुंची। वहीं सुरेश पंवार के पुत्र सुमित की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया। चोरी की जानकारी फिंगर प्रिंट टीम को दी गई। शाम को टीम पंवार परिवार के घर पहुंची और चोरों का पता लगाने के लिये पूरे घर में परीक्षण कर चोरों के फिंगर प्रिंट तलाशने का काम किया। पुलिस ने बताया कि सुमित पंवार के अनुसार चोरों ने करीब 45 हजार रुपए नगद, सोने के आभूषण और अन्य सामान चोरी किया है। चोरों ने घर में लगी एलईडी भी खोल ली थी, लेकिन सौफे पर ही छोड़ गये। पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे देखकर चोरों की तलाश का आश्वासन परिवार को दिया है।

### इधर खेतों में चोरों ने बोला धावा

शुक्रवार-शनिवार रात इंदौररोड पर ग्राम निनौरा में भी चोरों ने धावा बोला और खेतों में लगी पानी की मोटर की केबल काटकर चोरी कर ली। केबल के साथ चोरों ने एक मोटर भी चोरी की है। सुबह कुछ किसान खेतों में पहुंचे तो चोरी का पता चला। निनौरा में जैसे ही खेतों में हुई का पता अन्य किसानों को लगा तो वह अपने खेतों तक पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि चोरों ने 18 खेतों में धावा बोला है। खेतों में हुई चोरी की खबर मिलने पर नानाखेड़ा थाना पुलिस निनौरा पहुंच गई थी। आशंका जताई गई कि केबल-मोटर चोरी करने वालों की संख्या आधा दर्जन के लगभग हो सकती है।

### बदमाशों के साथ आई थी युवती

कुछ दिन पहले ही महानंदानगर और बसंतविहार कालोनी में आधी रात को चोरी की वारदात होना सामने आया है। उस दौरान नानाखेड़ा पुलिस ने कैमरों के फुटेज देखे थे। चोरी में 2 बदमाशों के साथ युवती होना सामने आई थी। जो एक्टिवा जैसी गाड़ी पर सवार होकर आये थे। तीनों का शनिवार शाम तक कोई सुराग नहीं मिल पाया था। वारदात के बाद तीनों इंदौररोड की ओर भागे थे।

## खड़ी बस से ड्रायवर गिरा, टूटी कमर की हड्डी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ओंकारेश्वर से उज्जैन के बीच चलने वाली बस पर लक्ष्मण पिता रूपसिंह 45 साल निवासी आगर ड्रायवरी का करता है और बस में ही सोता है। शुक्रवार रात उसने बस जंतर-मंतर के पास खड़ी की थी और उसमें लगा एसी सुधारने के लिये ऊपर चढ़ा। तभी संतुलन बिगड़ने पर नीचे आ गिरा। उसे कुछ लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कमर की हड्डी टूटना सामने आया है।

## ना नकाबपोश दिखा, ना घटनाक्रम की हुई पुष्टि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

छात्रा के शुक्रवार को थाने पहुंचते ही पुलिस हरकत में आ गई। नकाबपोश की तलाश शुरू की गई। सीसीटीवी कैमरे देखे गये, लेकिन ना नकाबपोश दिखा, ना ही किसी ने घटना की पुष्टि की। बावजूद सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस क्षेत्र में नजर रख रही है। मामला जीवाजीगंज थाना क्षेत्र की गीता कालोनी चौपड़ा का होना सामने आया है। जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि कक्षा 9 वीं में पढ़ने वाली छात्रा शुक्रवार दोपहर को थाने आई थी। उसने बताया कि वह स्कूल से लौट रही थी, तभी गीता कालोनी में उसे नकाबपोश बदमाश ने रोका और उठाकर ले जाने की धमकी देने लगा। छात्रा की बात सुनते ही पुलिस गीता कालोनी पहुंची और लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी इस तरह की घटना होने की जानकारी नहीं दी।

# ग्राहकों से लिये 46 लाख इंडस्ट्रीज में नहीं कराये जमा

### सेल्समेन नौकरी छोड़ भागा, धोखाधड़ी का केस दर्ज


ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पोहा इंडस्ट्रीज में सेल्समेन का काम करने वाले युवक ने 3 सालों में माल सप्लाय करने के दौरान ग्राहकों से 46 लाख रुपए ले लिये। लेकिन इंडस्ट्रीज में जमा नहीं कराये। संचालक को पता चला तो सेल्समेन नौकरी छोड़ भाग निकला। संचालक की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि मक्सीरोड उद्योगपुरी में श्रेयस पिता राजकुमार जैन निवासी निजातपुरा समकित इंडस्ट्रीज का संचालन करते है। उन्होने वर्ष 2022 से 2025 तक उनके यहां सेल्समेन का काम करने वाले गिरीश पिता भारत शर्मा निवासी ग्राम दोंता मक्सी हाल मुकाम नागझिरी के खिलाफ 46 लाख का गबन किये जाने की शिकायत आवेदन देकर की थी। जांच के बाद सेल्समेन के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 316 (4) का प्रकरण दर्ज किया है। श्रेयस जैन के अनुसार इंडस्ट्रीज से पोहा-परमल की सप्लाय उज्जैन के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ आगर मालवा और शाजापुर में सप्लाय की जाती है। गिरीश सप्लाय और कलेक्शन का काम करता था। 2022 में काम के दौरान उसने पहले राशि जमा कराई, कुछ माह बाद राशि जमा करना बंद कर दिया। जब मामले का पता चला तो उससे रुपए जमा करने की बात कहीं गई। उसने रुपए देने का आश्वासन दिया लेकिन हर बार टालता रहा। कुछ माह पहले उसने इंडस्ट्रीज आना ही बंद कर दिया। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपित सेल्समेन की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द उसे गिरफ्तार कर हड़पी गई राशि की रिकवरी का प्रयास किया जायेगा।

### आडिट रिपोर्ट में हुआ था खुलासा

बताया जा रहा है कि समकित इंडस्ट्रीज में वर्ष 2024-25 का आडिट कराया गया था, उस दौरान सामने आया कि सप्लाय किये गये माल की 46 लाख के लगभग की राशि जमा नहीं हुई है। उक्त माल गिरीश शर्मा द्वारा सप्लाय किया गया है। उससे राशि के संबंध में जानकारी मांगी गई तो उसने जमा करने की बात कहीं, कुछ दिनों बाद उसने काम पर आना बंद कर दिया। लाखों का गबन होने पर संचालक द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। श्रेयस जैन इंडस्ट्रीज का संचालन रेणु जैन के साथ मिलकर करते है। गिरीश को रेणू जैन ने 2022 में काम पर रखा था।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com